## लखनऊ से ओडिशा के लिए चलाई जाएगी नई ट्रेन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। पुरी की धार्मिक यात्रा पर जाने वाले यात्रियों की वेटिंग लिस्ट की दिक्कतें जल्द ही कम होंगी। रेलवे गोमतीनगर से गोंडा -गोरखपुर होते हुए पुरी के लिए नई ट्रेन चलाने जा रहा है। इस ट्रेन को रेलवे ने पहले ही अपने नए टाइम टेबल में शामिल कर लिया है। अब रेल कोच फैक्ट्री से नए रेक का आवंटन होते ही पुरी के लिए नई ट्रेन शुरू हो जाएगी। लखनऊ से पुरी के लिए अभी सप्ताह में तीन दिन रविवार, मंगलवार व शुक्रवार को ट्रेन 12876 नीलांचल एक्सप्रेस चलती है। यह ट्रेन लखनऊ स्टेशन से दोपहर 3:10 बजे रवाना होकर होते हुए मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ -वाराणसी के रास्ते अगले दिन शाम 5:55 बजे पुरी पहुंचती है। नीलांचल एक्सप्रेस में लखनऊ से कम सीटों का कोटा होने के कारण अक्सर यात्रियों को लंबी वेटिंग लिस्ट मिलती है। ऐसे में रेलवे ने गोमतीनगर से पुरी के मालतीपाटपुर के लिए नवंबर 2023 में एक स्पेशल ट्रेन चलाया था।

# सपा नेताओं के सनातन विरोधी बयानों पर डॉ. राजेश्वर सिंह की दो-टूक

## जिन्हें दीप से डर लगता है, वे अपने भीतर के अंधकार से भयभीत हैं - डॉ. राजेश्वर सिंह

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने बृहस्पतिवार को जारी दो प्रभावशाली सोशल मीडिया संदेशों के माध्यम से एक ओर समाजवादी पार्टी द्वारा भारतीय परंपराओं पर किए जा रहे असंवेदनशील राजनीतिक वक्तव्यों पर करारा प्रहार किया, वहीं दूसरी ओर विपक्षी दलों द्वारा देश को विभाजित करने की नीति पर गंभीर टिप्पणी की।

### दीयों से डरने वालों की राजनीति अंधकारमय –

दीपोत्सव के अवसर पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव जी और आजम खान के बयानों को भारतीय संस्कृति पर सीधा प्रहार बताते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह जी ने कहा, 'दीपक केवल मिट्टी का पात्र नहीं, भारत की आत्मा का प्रतीक है। वह ज्ञान का प्रकाश, शुभ कर्मों की प्रेरणा और धर्म की स्थिरता है। जो लोग दीपोत्सव से विचलित होते हैं, वे वास्तव में अपने भीतर के अंधकार से डरते हैं।'

उन्होंने कहा कि यह वही मानसिकता है जो दीयों में खतरा देखती है, पर कत्लगाहों की आग में करुणा नहीं खोज पाती। इतिहास साक्षी है - दीया जलाने वालों ने कभी किसी का अहित नहीं किया, जो दीप का विरोध



करते हैं, वे दरअसल भारत की आत्मा को बुझाने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत हर युग में आलोकित रहा है, क्योंकि यहाँ दीप, धर्म और राष्ट्र एक ही प्रकाश हैं।

### 'आधुनिक मीर जाफर' – भारत को तोड़ने की राजनीति :

अपने दूसरे संदेश में डॉ. राजेश्वर सिंह जी ने ऐतिहासिक उदाहरण देते हुए कहा कि, 'अंग्रेज भारत में अपनी ताकत से नहीं, हमारी फूट से जीते थे। आज वही काम कांग्रेस और समाजवादी पार्टी कर रही हैं - जाति बनाम जाति, धर्म बनाम धर्म, उत्तर बनाम दक्षिण, बहुसंख्यक बनाम अल्पसंख्यक।' उन्होंने चेताया कि ये 'आधुनिक मीर जाफर' भारत को अंदर से कमजोर करने की साज़िश कर रहे हैं। जिस प्रकार अंग्रेजों ने भारतीयों को भारतीयों के खिलाफ इस्तेमाल किया, वैसे ही आज ये दल तुष्टिकरण और जातिवाद की राजनीति से जनता को विभाजित कर रहे हैं।

उन्होंने कांग्रेस-सपा पर विदेशी नैरेटिव अपनाने, राम मंदिर और हिन्दू परंपराओं के विरोध, और तुष्टिकरण की राजनीति का आरोप लगाते हुए कहा कि यह 'राष्ट्रीय चेतना को तोड़ने की सुनियोजित साज़िश' है। भारत ने 200 वर्ष संघर्ष कर विदेशियों को बाहर निकाला है, अब समय है कि हम उन विचारधाराओं को भी समाप्त करें जो भारत की एकता और संस्कृति को खंडित करने का प्रयास करती हैं।

## यूपी के परिषदीय विद्यालयों में शिक्षक संकुल की बैठक आज



### बेसिक शिक्षा अधिकारियों को दिया गया निर्देश


अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सभी जिलों में न्याय पंचायत स्तर पर शुक्रवार को शिक्षक संकुल की बैठक होगी। इसमें परिषदीय स्कूलों के शिक्षक शामिल होंगे। बैठक में निपुण भारत मिशन के लक्ष्य पूरे करने और बच्चों की पढ़ाई बेहतर बनाने पर चर्चा की जाएगी। स्कूल महानिदेशक मोनिका रानी ने सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिए हैं। इसमें कहा है कि प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों के शिक्षकों की बैठकें अलग-अलग होंगी। बैठक से पहले शिक्षक एजेंडा बिंदुओं की तैयारी कर लें ताकि चर्चा अच्छे ढंग से हो सके। बैठक में शिक्षकों को यह बताया जाएगा कि वे कक्षा में किताबों, चार्ट, किट्स और दूसरी शैक्षणिक सामग्री का सही उपयोग करें। डायट प्राचार्य, खंड शिक्षा अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी और अन्य अधिकारी भी किसी एक शिक्षक संकुल बैठक में शामिल होंगे। बैठक खत्म होने के बाद सभी संकुल प्रेरणा एप पर बैठक की जानकारी अपलोड करने के लिए भी कहा गया है।

## संदिग्ध हालात में पानी भरे तालाब में मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र के घसियारी मोहल्ले में गुरुवार सुबह एक युवक का शव संदिग्ध हालात में पानी भरे तालाब में मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बिजनौर के घसियारी मोहल्ला निवासी रामकुमार का 23 वर्षीय बेटा सूरज राजपूत लोधी कैटरिंग का काम करता था। परिजनों के मुताबिक सूरज 21 अक्टूबर की शाम करीब साढ़े सात बजे घर पर था। लेकिन कुछ देर बाद वह कहीं चला गया और रात भर वापस नहीं लौटा। तब परिजनों ने रातभर उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। गुरुवार सुबह करीब साढ़े सात बजे सूरज के बड़े भाई नीरज ने घर से करीब 500 मीटर दूर स्थित तालाब में उसका शव पानी में उतराता देखा। बाद में शव बाहर निकाला गया तो सूरज के चेहरे पर चोटों के गहरे निशान थे और मुंह से खून निकल रहा था। साथ ही उसके हाथ की एक उंगली टूटी मिली। जिससे परिजनों ने उसकी हत्या की आशंका जताई है। लेकिन उन्होंने किसी के




ऊपर कोई आरोप नहीं लगाया है। वहीं सूचना पाकर पहुंची बिजनौर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। बिजनौर इंस्पेक्टर शिव शंकर महादेवन का कहना है कि शुरूआती जांच में पता चला है कि मृतक शराबी प्रवृत्ति का था और शराब के नशे में ही तालाब में गिरकर उसकी मौत हुई है। लेकिन पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का स्पष्ट कारण पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। मृतक के परिवार में पिता रामकुमार, मां पारसवती, छोटा भाई धीरज (13) और बहन लक्ष्मी है।

# सरदार पटेल की जयंती पर यूपी में इस बार होगा कुछ नया, सभी जिलों में होगा कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती समारोह अभियान की तैयारियों में प्रदेश भाजपा जुट गई है। 31 अक्टूबर से छह दिसंबर तक चलने वाले अभियान के तहत रन फार यूनिटी, पदयात्रा, श्रद्धांजलि कार्यक्रम, शैक्षणिक प्रतियोगिताएं, नशा मुक्ति अभियान, स्वदेशी अपनाओं अभियान आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की जयंती के दिन प्रत्येक जिले में रन फार यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कार्यकताओं के साथ जनप्रतिनिधि, खिलाड़ी, युवा, महिलाएं, व्यापारी, किसान, मजदूर, शिक्षक, अधिवक्ता और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

इस संबंध में गुरुवार को आयोजित वर्चुअल बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है कि आज देश सांस्कृतिक रूप से एकजुट होकर और समर्पित भाव से लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल



के विचारों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सरदार पटेल के आदर्शों से प्रेरणा लेकर हमें आत्मनिर्भर भारत के संकल्पों को साकार करना है।

अभियान के दौरान सेवा कार्यों, नशा मुक्ति, स्वदेशी उत्पादों के उपयोग और समाजहित के कार्यक्रमों को सफल बनाना है। प्रदेश अध्यक्ष 24 अक्टूबर को बाराबंकी और 25 अक्टूबर को प्रयागराज में आयोजित पार्टी के कार्यक्रमों में सम्मिलित होने के साथ ही पत्रकार वार्ता करेंगे। प्रदेश सरकार के मंत्री और पार्टी के अन्य पदाधिकारी भी 24 व 25 अक्टूबर को जिलों में प्रेसवार्ता करेंगे।

प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि देश आज जिस सांस्कृतिक एकता, राष्ट्रीय एकजुटता और आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर है, वह सरदार पटेल के सपनों का साकार रूप है। अभियान का उद्देश्य युवाओं और समाज के हर वर्ग में एकता, देशभक्ति और राष्ट्र सेवा की भावना को जागृत करना है।

### विधानसभा क्षेत्रों में आठ किमी लंबी पदयात्राएं की जाएंगी

अभियान के संयोजक व प्रदेश महामंत्री संजय राय ने बताया है कि अभियान 31 अक्टूबर से छह दिसंबर तक चलेगा। 31 अक्टूबर को जिलों में ह्लरन फार यूनिटीह्व के साथ ही सभी बूथों पर सरदार पटेल का चित्र स्थापित कर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। शैक्षणिक संस्थानों में निबंध, भाषण, रंगोली और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

अभियान के तहत तीन प्रकार की यात्राओं का आयोजन किया जाएगा। एक से 25 नवंबर तक सभी विधानसभा क्षेत्रों में आठ किलोमीटर लंबी पदयात्राएं होंगी। प्रत्येक जिले से पांच प्रतिनिधि गुजरात के करमसद जाकर सरदार पटेल के जन्मस्थान से प्रारंभ होने वाली राष्ट्रीय यात्रा में शामिल होंगे। करमसद से स्टेच्यू आफ यूनिटी तक 150 किलोमीटर लंबी राष्ट्रीय पदयात्रा की जाएगी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकती मिली कक्षा 10 की छात्रा

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र के हरौनी गांव में कक्षा 10 की छात्रा ने संदिग्ध परिस्थितियों में आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक 16 वर्षीय ज्योति ने 20 अक्टूबर सोमवार को पहले अपने हाथ की नस काट ली, इसके बाद कमरे में जाकर पंखे के हुक से दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली। जानकारी होने पर परिजनों ने दरवाजा तोड़कर उसे फंदे से उतारा और कटी बगिया स्थित निजी हॉस्पिटल ले गये, जहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने टीएस मिश्रा हॉस्पिटल और बाद में ट्रॉमा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। बुधवार देर रात इलाज के दौरान ट्रॉमा सेंटर में ज्योति की मौत हो गई। सूत्रों के मुताबिक, ज्योति का घर में ही परिवार की एक महिला से किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। बताया जाता है कि झगड़े के बाद गुस्से में आकर उसने पहले हाथ की नस काट ली। परिवार वालों ने उसे समझाकर शांत किया, लेकिन जब मां नहाने चली गईं, तभी ज्योति ने कमरे का दरवाजा बंद कर फांसी लगा ली। दरवाजा बंद



देखकर बड़े भाई सूरज ने हथौड़े से तोड़कर अंदर झांका तो ज्योति पंखे से दुपट्टे के सहारे लटकी मिली। फंदे से उतारकर आनन-फानन उसे अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन बुधवार देर रात ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। फिलहाल सूचना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के परिवार में उसके पिता दुर्विजय और मां के अलावा शादीशुदा दो बड़े भाई और एक विवाहित बड़ी बहन है। पिता दुर्विजय राजगीर मिस्त्री का काम करते हैं। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## प्रदेश में रसोई गैस सिलिंडर की तरह होगी खाद की होम डिलीवरी

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ :** खरीफ सीजन में खाद वितरण को लेकर सवालों में घिरने के बाद सहकारिता विभाग अब व्यवस्था को और अधिक सुविधाजनक बनाने की कोशिश में जुटा है। जिस तरह घरेलू गैस सिलिंडर की बुकिंग और आपूर्ति की व्यवस्था है, उसी तरह खाद की भी होम डिलीवरी के लिए कार्ययोजना तैयार की है। इससे पहले रबी सीजन में समितियों के बाहर लंबी-लंबी कतारें लगने की स्थिति से बचने के लिए एक के बजाय दो प्वाइंट आफ सेल (पीओएस) मशीनें लगाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। दो पीएओएस न होने पर भारत सरकार की मंत्रा डिवाइस का उपयोग किया जाएगा। इससे प्रक्रिया की गति तेज होगी। बीते खरीफ सीजन में खाद के लिए प्रदेश भर में मारामारी की स्थिति रही थी। समितियों के बाहर हर रोज लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। वितरण को लेकर किसानों के हंगामे, विवाद और मारपीट तक ही घटनाएं हुई थीं। अब वर्तमान रबी सीजन को लेकर सरकार खाद की उपलब्धता और वितरण, दोनों मोर्चों पर सतर्कता बरत रही है। वितरण को आसान बनाने के लिए सबसे पहली कोशिश समितियों पर भीड़ कम करने की है। वर्तमान व्यवस्था में सामान्य स्थितियों में खाद वितरण के लिए तीन लाइनें लगती हैं। किसान एक लाइन एक टोकन के लिए लगाते हैं, दूसरी लाइन रसीद के लिए और तीसरी लाइन खाद लेने के लिए। वर्तमान में हर समिति पर एक ही पीओएस मशीन लगी हुई है। जरूरत पड़ने पर कंप्यूटर से मंत्रार डिवाइस को जोड़कर भी खाद वितरण की प्रक्रिया की जा सकती है। सहकारिता विभाग अब अपनी कंप्यूटराइज्ड समितियों पर पीओएस के साथ मंत्रा डिवाइस लगाने जा रहा है। शेष समितियों पर दो पीओएस लगाई जाएंगीं।

# भृष्टाचार पर डीजीपी सख्त, 11 पुलिस कर्मी निलंबित

### वाहन चालकों से वसूल रहे थे रिश्वत, सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे वीडिओ

### मामला डीजीपी तक पहुंचने के बाद चित्रकूट, बाँदा और कौशाम्बी जिले में हुई कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा ने भ्रष्टाचार को लेकर सख्त कदम उठाते हुए 11 पुलिसकर्मियों को निलंबित किया है। यह कार्रवाई डीजीपी नें सोशल मीडिया पर कुछ जिलों के पुलिसकर्मियों द्वारा वाहन चालकों से रिश्वत लेने के मामले में की गई है। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर चल रहा था। जिसका पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा नें संज्ञान लेते हुए तत्काल पुलिसकर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जिसके बाद इस मामले में अब तक 11



पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया है।

जिसमें चित्रकूट जिले के तीन थाना प्रभारी शामिल है। इसमें प्रभारी निरीक्षक भरतकूप, थानाध्यक्ष पहाड़ी व थानाध्यक्ष राजापुर शामिल है। इसमें एक निरीक्षक, दो उपनिरीक्षक जिसमें एक महिला उपनिरीक्षक भी शामिल है। इसके अलावा एक उपनिरीक्षक व तीन आरक्षी शामिल है। जिन्हे निलंबित किया गया है। इसके अलावा बांदा जिले के थानाध्यक्ष बदौसा उपनिरीक्षक व थाने के एक आरक्षी को निलंबित किया गया है। वही डीजीपी नें कौशाम्बी से एक थानाध्यक्ष महेवाघाट उपनिरीक्षक व थाने के एक आरक्षी को निलंबित किया है। डीजीपी की इस कार्रवाई में कुल ग्यारह पुलिस कर्मियों को निलंबित किया गया है। जिसमें एक निरीक्षक, एक महिला उपनिरीक्षक, चार उपनिरीक्षक एवं पांच आरक्षी शामिल हैं।

डीजीपी राजीव कृष्णा ने स्पष्ट किया है कि भ्रष्टाचार में लिप्त पुलिसकर्मियों को किसी भी कीमत पर छोड़ा नहीं जायेगा। उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। भृष्टाचार के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' की नीति का हर हालत में पालन करते हुये सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# धनतेरस में सोने की बुकिंग कराने वालों ने खूब कमाया मुनाफा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सराफा बाजार में धनतेरस से पहले यानी एक अक्टूबर से चार अक्टूबर तक बुकिंग कराने वालों ने खूब मुनाफ कमाया। चौदह से अठारह दिन में प्रति दस ग्राम में दस से बारह हजार रुपये मुनाफा कमाया। वह भी कुल कीमत का कुछ प्रतिशत बुकिंग राशि देकर। सराफा व्यापारियों के मुताबिक करवा व धनतेरस से पहले जिसने भी बुकिंग कराई, उसने अच्छा खासा मुनाफा कमाया। धनतेरस से पहले ही ब्रांडेड शोरूम व नान ब्रांडेड शोरूम से पचास किलो सोना बुक हो चुका था। इनमें कुछ सोना दीपावली वाले दिन भी शेष बुकिंग राशि देकर लोगों ने खरीदा। इस दौरान समझदार निवेशकों ने ज्वेलर्स द्वारा चलाए जा रहे कई आफरों का लाभ भी उठाया। जैसे कोई ज्वेलर्स जितना सोना खरीदे उतनी चांदी मुफ्त दे रहे थे तो कोई



बुकिंग पर विशेष छूट व मेकिंग चार्ज नहीं ले रहे थे। यही नहीं कुछ ज्वेलर्स गिफ्ट भी देकर आकर्षित कर रहे थे। पंद्रह से 18 दिन में लोगों ने सोने में निवेश करने से पीछे नहीं हटे। खास बात है कि इस बार सोने की बढ़ती कीमतों के बाद भी खरीदारों ने बुकिंग खूब कराई थी। जनवरी 2025 से अक्टूबर 2025 तक अगर सोने के दामों पर नजर दौड़ाए तो हर माह सोने के दाम बढ़े हैं। जनवरी 2025 में सोना 76 हजार रुपये प्रति दस ग्राम के आसपास था और अक्टूबर 2025 में सोना 1,21,800 रुपये प्रति दस ग्राम पहुंच गया है। इंडियन बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन के नार्थ हेड अनुराग रस्तोगी ने बताया कि सोना हमेशा से लोगों का प्रिय रहा है। इसलिए समझदार निवेशकों ने इसमें निवेश किया और अच्छा लाभ कमाया है। वर्तमान में जो थोड़े बहुत सोने के दाम गिरे हैं, उसमें भी उछाल आएगा और पुराने रेट पर सोना होगा। सराफा बाजार में चार अक्टूबर 2025 को सोने के दाम 1,21,800 रुपये प्रति दस ग्राम थे और 22 कैरेट के दाम 1,12,500 रुपये प्रति दस ग्राम रहे और 18 कैरेट के दाम 93 हजार रुपये प्रति दस ग्राम रहा। लोगों ने अपने बजट के हिसाब से सोने की बुकिंग कराकर लाभ कमाया। ज्वेलर्स कहते हैं कि कुछ निवेश ऐसे थे जो सिक्के में पूरा पैसा देकर निवेश किया और दस दिन में बेचकर निकल गए। इससे उनको सीधे लाखों रुपये का मुनाफा हुआ। क्योंकि सिक्कों में कोई कटौती ही नहीं होती है।

# ट्रैक्टर पलटने से नाती की दर्दनाक मौत, नाना घायल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। खेत की जुताई करने जा रहे नाना और नाती के साथ बड़ा हादसा हो गया। मेड़ के किनारे लगे पेड़ की डाल से टकराने के बाद ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक नाती की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि नाना घायल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार, हरदोई जनपद के लोनार थाना क्षेत्र के गंगौली गांव निवासी शिवा (18) काफी समय से माल क्षेत्र के बसंतपुर गांव में अपने नाना रामकुमार सिंह के यहां रह रहे थे। बृहस्पतिवार दोपहर दोनों खेत जोतने जा रहे थे। खेत के पास पहुंचते ही ट्रैक्टर मेड़ के किनारे लगे पेड़ की डाल से टकरा गया, जिससे ट्रैक्टर अचानक नियंत्रित



हादसे में पलटा पड़ा ट्रैक्टर

होकर पलट गया जिससे ट्रैक्टर के छत के फ्रेम के नीचे दबने से चालक शिवा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि नाना रामकुमार सिंह घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को परिजनों को सौंप दिया। मृतक के परिवार में मां विभा और बहन तन्नू का रो-रोकर बुरा हाल है।

## पूर्व मुख्य सचिव को जारी 10 करोड़ रुपये का नोटिस सरकार ने किया निरस्त

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। पूर्व मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह को जारी किए गए 10 करोड़ रुपये की वसूली के नोटिस को शासन ने निरस्त कर दिया है। इस संदर्भ में कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार ने उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अपर मुख्य सचिव बीएल मीणा को लिखित आदेश जारी किया है।

उन्होंने आदेश में स्पष्ट किया है कि चार अक्टूबर को अपर मुख्य सचिव द्वारा 10 करोड़ रुपये की वसूली संबंधी आदेश को संबंधित मामले की समीक्षा के उपरांत तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है। एसएलईसी (राज्य स्तरीय एंपावर्ड कमेटी) की अगली बैठक में इस प्रकरण पर विचार किया जाएगा।

गौरतलब है कि खाद्य एवं प्रसंस्करण नीति-2023 के क्रिन्यावयन में दिशा निदेर्शों की अनदेखी के आरोप में अपर मुख्य सचिव द्वारा यूपीडास्प (उत्तर प्रदेश विविध कृषि सहायता परियोजना) के तकनीकी समन्वयक शैलेन्द्र प्रताप सिंह को भेजे गए नोटिस में कहा गया था कि पूर्व मुख्य सचिव से 10 करोड़ रुपये की वसूली कर संबंधित राशि सरकारी खजाने में जमा कराई जाए।

चूंकि पूर्व मुख्य सचिव यूपीडास्प के अध्यक्ष भी थे, इसलिए यूपीडास्प ने उन्हें नोटिस जारी किया था। यह नोटिस चार कंपनियों को राज्य की फसलों के सेटेलाइट सर्वेक्षण का कार्य दिए जाने में कथित तौर पर बरती गई अनियमितता के मामले में जारी किया गया था।

# सड़क पार कर रहे किसान की सड़क हादसे में मौत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। खेत से पैदल घर लौट रहे किसान को सड़क पार करते समय कार ने जोरदार टक्कर मार दी.जिससे वह उछलकर दूर जा गिरे जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय ग्रामीणों ने घायल अवस्था में उन्हें सीएचसी पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। जहां रास्ते में ही किसान ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के पाठकगंज निवासी नंदलाल (54) बुधवार शाम को खेत से वापस घर लौट रहे थे तभी गांव के किनारे स्थित नायरा पेट्रोल पंप के पास से पैदल सड़क पार



मृतक नंदलाल फाइल – फोटो

कर रहे थे तभी मलिहाबाद की ओर से आ रही तेज रफ्तार ईको कार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह उछलकर कई मीटर दूर जा गिरे जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए आनन फानन में ग्रामीणों ने मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख उन्हें ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। जहां रास्ते में ही किसान ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बृहस्पतिवार दोपहर को शव घर पहुंचते ही परिवार में कोहरा मच गया। शाम को परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक के परिवार में पांच बेटियां कांति, निशिका, नीलम, शशि सुनीता है पत्नी की तीन साल पहले ही मौत हो चुकी है। इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि मृतक के भतीजे विमल की तहरीर पर गाड़ी नंबर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज से वाहन और चालक की तलाश की जा रही है।

## संक्षेप

### गाली गलौज करने का विरोध करना पड़ा भारी जमकर चले लाठी डंडे

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में गाली-गलौज का बिरोध करने पर दो पक्षों के बीच लाठी डंडे चलने लगे जिससे दोनों पक्षों से महिला किशोर सहित आठ लोग घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद पांच की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मुंशी खेडा गांव निवासी मनोज, अमन, रोहित गांव के बाहर स्थिति एक धार्मिक स्थल पर बैठ कर गाली-गलौज कर रहे थे तभी उधर से गुजर रहे जैकास ने धार्मिक स्थल पर गाली-गलौज का बिरोध किया इसी बात को लेकर बाद बिवाद होने लगा और दोनों पक्ष लाठी डंडे लेकर एक दूसरे पर हमला कर दिया जिससे एक पक्ष से मेवालाल, रोहित, आशा पत्नी गुरु दयाल, नीरज, रिंकू सहित पांच लोग घायल हो गए वही दूसरे पक्ष से जैकास, अर्जुन, अरुण सहित तीन लोग घायल हो गए ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया जहां से मेवालाल, रोहित, आशा, नीरज और जैकास सहित पांच की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया इस सम्बंध में थाना प्रभारी अरविंद कुमार पाण्डेय ने बताया कि मारपीट की घटना हुई है घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है तहरीर के आधार पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### दबंगो ने युवक को जमकर पीटा, दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। दही थाना क्षेत्र के ओरहर गांव के रहने वाले पंकज कुमार पुत्र देवी प्रसाद तहरीर देकर आरोप लगाया है। कि बुधवार को गांव में बनी अंबेडकर मूर्ति की छत का फर्मा खोल रहा था। तभी गांव के रहने वाले अजय सरोज आकर पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करने लगे जब विरोध किया तो अजय सरोज संदीप घसीटे ने मिलकर लाठी डंडों से मारने पीटने लगे। लोगों को आता देख जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गए। सिर व शरीर पर गंभीर चोटे आई है। पुलिस ने सरोज संदीप घसीटे अजय पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

### भाभी ने देवर लगाया मारपीट करने का आरोप

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के गांव पोखरी निवासी दुलारी पत्नी नंदकुमार ने अपने देवर पर मारपीट का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। दुलारी ने थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि 19 अक्टूबर को मेरे देवर रोहित घर की सफाई कर रहे थे सफाई करते समय धूल मेरे घर आ रही थी मेरे द्वारा मना करने पर आक्रोशित देवर रोहित कुमार घर में घुसकर मेरे व मेरे पति नंद कुमार पुत्री सौम्या के साथ मारपीट की। थाना अध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है।

# मामूली बात को लेकर चाकुओं से गोदकर किशोरी की निर्मम हत्या

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लहरापुर के मजरा चिंगरपुरवा मे मामूली सी बात को लेकर चाकूओ से गोदकर किशोरी की निर्मम हत्या कर दी गई। दिनदहाड़े हुए इस हत्याकाण्ड से गांव में दशक फैल गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्जकर कार्यवाही शुरू कर दी है। चिंगरपुरवा मे आज गुरुवार को सुबह एक वीडियो वायरल करने को लेकर अमर सिंह की 16 वर्षीय पुत्री आरती तथा पड़ोसी राजेश पुत्र गुड्डू के मध्य कहां सुनी हो गई थी। बताते हैं कि कहा सुनी के बाद आरती ने राजेश के विरुद्ध पुलिस चौकी गंज मुरादाबाद में प्रार्थना पत्र देने की धमकी दी थी। किंतु माता-पिता के समझाने बुझाने पर आरती प्रार्थना पत्र देने पुलिस चौकी नहीं गई। इसके बाद आरती अपनी मां सोमवती से 400 रुपए लेकर बुआ सोनी के साथ गंज मुरादाबाद खरीददारी करने के लिए घर से चली गई। गांव के बाहर निकलते ही रास्ते में राजेश पुत्र गुड्डू, राहुल पुत्र रामस्वरूप व दो अन्य महिलाओं ने आरती को रोक लिया। इसके बाद यह सभी लोग बात करने के बहाने आरती को ग्राम प्रधान के घर के पीछे ले गए। जबकि उसकी बुआ सोनी वही रास्ते में खड़ी रही। उधर राजेश और राहुल तथा दोनो महिलाओं ने आरती पर चाकूओं से हमला बोल दिया। यह देख उसकी बुआ सोनी ने शोर मचाया। शोर सुनकर ग्रामीण और परिजन घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। ग्रामीण और परिजनो को आता देख हमलावर फरार हो गए। खून से लथपथ आरती को उठाकर परिजन यहां के सरकारी अस्पताल लाए। यहां के चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरती की मौत से घर परिवार में कोहराम मच गया। मृतका की बुआ रेखा ने घटना की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर आरती का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक प्रेमचंद व फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। आरती अपने पीछे दो भाई अंकित और अभिषेक, एक बहन शामली एवं मां सोमवती और पिता अमर सिंह को रोते बिलखते छोड़ गई है।

# छठ पर्व को देखते नगर पालिका प्रशासन ने शुरू की तैयारियां

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। आगामी छठ पर्व के मद्देनजर नगर पालिका प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इस वर्ष 30 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के गंगा तट पर पहुंचने का अनुमान है। इसे देखते हुए मिश्रा कॉलोनी से नमामि गंगे घाट तक सफाई और समतलीकरण का कार्य युद्धस्तर पर शुरू कर दिया गया है। पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पांडे, अधिशासी अधिकारी (ईओ) और स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) प्रभारी ने विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मिश्रा कॉलोनी से नमामि गंगे घाट तक गंदगी और ऊबड़-खाबड़ स्थिति पाई गई। अधिकारियों ने तत्काल सफाई कर्मियों को घाटों की साफ-सफाई और समतलीकरण के निर्देश दिए। निर्देशों के बाद नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों ने घाटों पर झाड़ू लगाई और मलबा हटाया। जेसीबी मशीन की सहायता से ऊबड़-खाबड़ हिस्सों का समतलीकरण किया गया। गंगा तट तक जाने वाले रास्तों को भी चौड़ा और समतल किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को आवागमन में कोई असुविधा न हो। ईओ ने बताया कि छठ पूजा के दौरान सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता दी जा रही है। गंगा विशुन घाट से नमामि गंगे घाट तक रोशनी की व्यवस्था की जा रही है, ताकि सुबह और शाम अर्घ्य के समय श्रद्धालुओं को परेशानी न हो। घाटों पर अस्थायी शौचालय और कूड़ेदान भी लगाए जाएंगे। पालिका प्रशासन ने बताया कि छठ पर्व के दौरान घाटों पर साफ-सफाई बनाए रखने के लिए विशेष टीम तैनात होगी। नगर पालिका जल विभाग द्वारा पेयजल की व्यवस्था की जाएगी और आवश्यकतानुसार मोबाइल टैंकर भी उपलब्ध कराए जाएंगे। पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पांडे ने कहा कि छठ पूजा उन्नाव की आस्था का प्रतीक है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए जा रहे हैं, ताकि किसी को असुविधा का सामना न करना पड़े।

## युवक ने मारपीट करने का चार लोगों पर दर्ज कराया मुकदमा

अमन लेखनी समाचार




सुमेरपुर, उन्नाव। नगर पंचायत भगवंत नगर के वार्ड 5 के निवासी अविनाश भारती पुत्र दीपक कुमार ने थाने में प्रार्थना पत्र देखकर चार लोगों के विरुद्ध गाली गलौज मारपीट करने तथा धमकी की तहरीर दी है। अविनाश भारती ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि वह अपने घर से नगर पंचायत भगवंत नगर में रहने वाले अपने मित्र शिखर तिवारी के यहां बाइक से जा रहा था। नगर पंचायत स्थित नए डाकघर के पास नीरज यादव, कृष्ण पाल यादव निवासी पितुवा खेड़ा छोटू यादव व चेतन यादव निवासी यशवंत खेड़ा मेरे निकलते ही गाली गलौज शुरू कर दी। मेरे द्वारा विरोध करने पर जाति सूचक शब्दों के साथ गाली देते हुए मारने लगे तभी अर्पित द्विवेदी और अविरल मिश्रा बचाने दौड़े। आक्रोशित चारों लोगों ने उनके साथ भी मारपीट की जिससे अविरल के मांथे व अर्पित द्विवेदी की आंख में चोट आ गई। आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े तब तक चारों लोग तमंचा लहराते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। थाना अध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर चारों लोगों के विरुद्ध मारपीट गाली गलौज धमकी एस सी एस टी का केस दर्ज कर लिया गया है।

## सरकारी अस्पताल में सिक्योरिटी गार्ड की गुंडागर्दी, मृतक किशोरी के परिजनो से की अभद्रता

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार दोपहर दो बजे मरीज और उसके परिजनों के साथ अस्पताल में सुरक्षा के लिए तैनात सिक्योरिटी गार्ड ने भद्दी भद्दी गालियां दी ।जब पत्रकार इस घटना का वीडियो बनाने लगा।तो सीएचसी में तैनात गार्ड बृजपाल यादव बाइक लेकर मौके से गाली देते हुए निकल लिया. दरअसल एक किशोरी की हत्या हुई थी.जिसका शव सीएचसी की मोर्चरी में रखा हुआ था.और परिजन बिलख बिलख कर रो रहे थे.उधर रैन बसेरा में रह रहे गार्ड बृजपाल यादव अचानक बाहर निकले और बाइक से टक्कर मारते हुए बोले यह तमाशा हटाओ.जब मृतका के बाबा ने इसका विरोध किया तो गालियां देने लगा.बात यही खत्म नहीं होती ये सब देख जब वह मौजूद और अन्य लोगों ने इसका विरोध किया तो यह हावी हो गया.गंदे अल्फाजों का प्रयोग कर ने लगा. जब मीडिया के लोगों ने मृतका के बाबा से पूंछा तो उन्होंने बताया कि हम लोग खड़े थे और मृतका के पिता रो रहे थे.इसी दौरान काली वर्दी पहनकर रैन बसेरा से निकले एक गार्ड ने अभद्रता करते हुए बोला यह तमाशा हटाओ फिर बाइक उठाई और टक्कर मारते हुए निकल गया.जब अन्य लोगों ने इसका विरोध किया तो उनको भी गाली गलौज करने लगा.जब वह पर खड़े एक शख्स ने वीडियो बनाना शुरू किया तो 4 सेकेंड में मौके से निकल लिया.4 सेकेंड के वायरल वीडियो में कुछ नजारा ऐसा दिख रहा है कि अस्पताल के सुरक्षा गार्ड अस्पताल में सुरक्षा करने की वजह खुलेआम गुंडागर्दी कर रहे है ।यह पहली घटना नहीं इससे पहले भी कई मरीजों और महिलाओं से अभद्रता कर चुका है।

हालांकि इस संबंध में जब चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर मुकेश कुमार सिंह को फोन लगाया गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

## डिवाइडर से टकराकर पलटी कार,बच्चों समेत 7 घायल

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर चालक को झपकी आने से तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में कार में सवार तीन भाईबहन और चालक समेत परिवार के 6 सदस्य घायल हो गए।कार सवार अहमदाबाद से बेगूसराय जा रहे थे।कार की हालत देख एसओ ने करीब 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चलने की बात कही है। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।बेगूसराय जिले के थाना गटपूरा के सकरा भांटा गांव निवासी रोहित यादव पुत्र रामसाय उम्र 33वर्ष छट पूजा पर्व को लेकर बुधवार शाम को अपने गांव के लिए वह चालक रणधीर पासवान व पत्नी नीतू उम्र 28 वर्ष, 10 वर्षीय बेटा देशराज,12 वर्षीय बेटा अंकित,15 वर्षीय बेटी मुस्कान और रिश्तेदार सुमित पुत्र शंभु यादव उम्र 20 वर्ष के साथ रवाना हुए थे.रोहित यादव अहमदाबाद में प्राइवेट नौकरी करके अपने परिवार के साथ वही रहते हैं।गुरुवार दोपहर करीब दो बजे आगरा एक्सप्रेसवे पर बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के किलो मीटर संख्या 232 के पास कार चालक रणधीर पासवान को झपकी लगने से कार डिवाइडर से टकरा कर पलट गयी। हादसे में सभी घायल हो गए। 20 मिनट बाद घटनास्थल पर पहुंचे यूपीडा कर्मियों ने पुलिस की मदद से घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया।गनीमत रही कि सभी लोगों को मामूली चोट आई थी.चालक रणधीर और रोहित गंभीर रूप से घायल हो गए थे.प्राथमिक उपचार के बाद अपने निजी वाहन से अच्छे अस्पताल इलाज कराने की बात कहकर वो अपने गत्व्य की ओर चले गए.कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने बताया कि स्वजन को हादसे की जानकारी दे दी गई है।फिलहाल सभी सुरक्षित है।

# तेज रफ्तार कार चालक ने बाइक व कार को मारी टक्कर डिवाइडर तोड़ रेलिंग में फंसी

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में बुधवार रात एक तेज रफ्तार कार ने कहर बरपाया। राजधानी मार्ग पर हुई इस दुर्घटना में कार ने पहले एक बाइक सवार को टक्कर मारी, फिर सड़क किनारे खड़ी दूसरी कार में जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार डिवाइडर तोड़कर लोहे की रेलिंग में फंस गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, राजधानी मार्ग पर एक अनियंत्रित कार आ रही थी। चालक की लापरवाही से पहले सड़क किनारे चल रहे बाइक सवार को टक्कर लगी, जिससे वह घायल होकर सड़क पर गिर गया। इसके बाद कार सड़क किनारे खड़ी एक अन्य कार से टकराई और डिवाइडर तोड़ते हुए रेलिंग में जा फंसी। हादसे की तेज आवाज सुनकर आसपास के दुकानदार और स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए। घटना से गुस्साए लोगों ने कार चालक को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। देखते ही देखते भीड़ बढ़ती गई और मौके पर हंगामा शुरू हो गया। इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया, जो अब तेजी से वायरल हो रहा है। सूचना मिलने पर गंगाघाट कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को शांत कराया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर थाने पहुंचाया। हादसे में बाइक सवार को हल्की चोटें आई हैं, जिसका उपचार जारी है। कार चालक से पूछताछ की जा रही है कि वह इतनी तेज रफ्तार में क्यों गाड़ी चला रहा था। प्रारंभिक जांच में कार का नियंत्रण खोना ही दुर्घटना का मुख्य कारण बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि राजधानी मार्ग पर अक्सर तेज रफ्तार वाहनों के कारण हादसे होते रहते हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और दोषी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मामूली से विवाद में दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट चार घायल

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। काशीराम कॉलोनी में गुरुवार को मामूली बाइक टक्कर के बाद दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी की हालत स्थिर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, काशीराम कॉलोनी निवासी हिमांशु (पुत्र शिवकुमार) अपनी बाइक से कॉलोनी के पास जा रहा था। इसी दौरान उसकी बाइक एक युवक से मामूली रूप से टकरा गई। टक्कर के बाद दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव का प्रयास किया, लेकिन तभी दूसरे पक्ष के कुछ लोग आ गए और विवाद बढ़ गया। कुछ ही मिनटों में 10 से 15 लोग लाठी-डंडों के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने हिमांशु व उसके साथ मौजूद लोगों पर हमला कर दिया। इस हमले में हिमांशु के साथ कैलाश शर्मा, पारो शर्मा और सोम शर्मा भी घायल हो गए। सूचना मिलते ही सदर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मौजूद लोगों से पूछताछ की। हमलावर घटना के बाद मौके से फरार हो गए। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि यह घटना मामूली टक्कर को लेकर शुरू हुई थी, लेकिन दोनों पक्षों ने इसे बढ़ा दिया। घायलों का इलाज जारी है और उनकी हालत खतरे से बाहर है।

## चोरों ने घर में घुसकर नगदी समेत लाखो के जेवरात किया पार

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र में चोरों ने एक घर को निशाना बनाया है। शेखरपुर नहर के पास स्थित अभिषेक सिंह चंदेल के घर से लाखों रुपये के जेवर और नगदी चोरी हो गई। यह पूरी वारदात घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जानकारी के अनुसार, यह घटना बीती रात उस समय हुई जब घर के सभी सदस्य सो रहे थे। चोरों ने मौका पाकर घर में सेंध लगाई और अलमारियों तथा लॉकरों को खंगाला। सुबह परिवार के जागने पर चोरी का पता चला। सूचना मिलते ही सदर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और पीड़ित परिवार से विस्तृत जानकारी ली। घर के बाहर लगे सीसीटीवी फुटेज में कुछ संदिग्ध लोग सामान लेकर जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को जांच का मुख्य आधार बनाया है और अपनी तफ्तीश शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने जल्द ही चोरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है। इस घटना से क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल है और उन्होंने पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया है कि घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर पुलिस की पिकेट ड्यूटी होने के बावजूद चोर बेखौफ होकर वारदात को अंजाम देकर भाग निकले। यह पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करता है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवती का शव

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के बेलरावा मजरा नरहरपुर गांव में गुरुवार शाम एक 19 वर्षीय युवती का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे के अंदर रस्सी के फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के बेलरावा मजरा नरहरपुर गांव निवासी यूनुस की 19 वर्षीय पुत्री अलसिफा गुरुवार शाम अपने कमरे में अकेली थी। परिजनों ने बताया कि काफी देर तक जब उसके कमरे से कोई हलचल नहीं हुई, तो उन्हें अनहोनी की आशंका हुई। दरवाजा खटखटाने पर कोई जवाब नहीं मिला। दरवाजा खोलने पर अलसिफा का शव रस्सी के फंदे से लटकता पाया गया।घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी सुब्रत नारायण तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। मौत के कारणों का स्पष्ट पता पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा। परिजनों के अनुसार, मृतका की शादी आगामी 2 नवंबर को उन्नाव के ही गढ़ी गांव में तय थी। घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं और खुशियों का माहौल था। इस घटना से पूरा परिवार सदमे में है। गांव में घटना की जानकारी फैलते ही बड़ी संख्या में लोग मृतका के घर पहुंच गए। पुलिस विभिन्न पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का बताया जा रहा है।

## खेत में किसान जला रहे पराली बढ़ रहा प्रदूषण

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। ग्राम रायपुर में धान की कटाई के बाद किसानों ने खेतों में पराली जलाना शुरू कर दिया है। इससे क्षेत्र में प्रदूषण बढ़ रहा है। सुरेश कुमार पुत्र रामकिशन यादव के खेत में भी पराली जलती हुई देखी गई। किसान बेखौफ होकर पराली जला रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कृषि विभाग के जिम्मेदार अधिकारी गांवों का दौरा नहीं करते, जिसके कारण किसानों में पराली जलाने का कोई डर नहीं है। यह स्थिति सरकार द्वारा पराली जलाने पर लगाए गए प्रतिबंध और पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों के विपरीत है। किसानों द्वारा नियमों का पालन न करने से यह समस्या और गंभीर हो रही है। इस मामले में कृषि विभाग के अधिकारी शशिकांत की कथित लापरवाही पर सवाल उठ रहे हैं। नियमों का पालन सुनिश्चित करने और प्रदूषण को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है।

## फांसी के फंदे पर लटकता मिला किशोरी का शव

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के चंपापुरवा इलाके में बुधवार शाम एक 13 वर्षीय किशोरी महिमा गुप्ता का शव घर के अंदर फांसी के फंदे से लटका मिला। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका महिमा गुप्ता ने लगभग एक साल पहले पढ़ाई छोड़ दी थी और वह घर पर ही रहती थी। घटना के दिन बुधवार को वह घर में अकेली थी। उसकी मां सुधा गुप्ता कानपुर में ड्यूटी पर थीं। भाई प्रांजल गुप्ता काम पर गया था। पिता मनीष गुप्ता कानपुर में अपनी बड़ी बेटी वर्षा के घर गए हुए थे। शाम करीब 5:30 बजे जब मां सुधा गुप्ता ड्यूटी से लौटीं, तो उन्होंने घर का मुख्य दरवाजा अंदर से खुला पाया। अंदर जाने पर उन्होंने महिमा को कमरे के पंखे के कुंडे से झूले की रस्सी के सहारे लटका देखा। यह देखकर मां अचेत हो गईं। पड़ोसियों ने शोर सुनकर उन्हें संभाला और पुलिस को सूचना दी। गंगाघाट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए। परिजनों ने आरोप लगाया है कि महिमा की हत्या कर शव को फांसी पर लटकाया गया है। उनका कहना है कि उनकी बेटी आत्महत्या नहीं कर सकती। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका के पिता मनीष गुप्ता लोडर चालक हैं। सूचना मिलते ही कानपुर से उन्नाव पहुंचे। थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

# दीपावली पर जमकर हुई मिलावटी मिठाई की बिक्री

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। दीपावली पर मिलावटी मिठाई पनीर की बिक्री कस्बों से लेकर गांवों में जमकर बिक्री हुई खाद्य विभाग रहा बेखबर तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन क्षेत्र में कस्बों से लेकर गांवों में हजारों कुंतल मिलावटी मिठाई पनीर दीपावली पर बिक गया मिठाई व पनीर रुपया 300से लेकर 500तक प्रति किलो बिक्री हुई दुकानदारों के द्वारा ग्राहकों को डिब्बा सहित मिठाई तौल कर लोगों को दिया जिससे ग्राहकों को जमकर त्योहार पर लूट किया लोगों ने बताया कि कुछ दुकानों में मिठाई पनीर की क्वालिटी इतनी खराब थी कि घर में ले जाकर घरवालों बच्चों ने खाया तो उसमें बदबू आ रही थी खाद्य विभाग के द्वारा यदि सही समय पर छापेमारी करके मिलावटी मिठाई बनाने वाले स्टॉक पर छापे मारी की जाती तो तो शायद हजारों लोगों को रोग से ग्रसित होने से बचाया जा सकता था लेकिन खाद्य विभाग के द्वारा किसी एक दुकान में चेक करते समय फोटो खिंचवाकर वाट्स पर डलवा देते हैं वहीं कुछ दुकानदारों ने बताया कि मेरा नाम मत बताने की शर्त पर बताया कि त्योहारों पर हर विभाग के अधिकारियों को मिठाई के डिब्बे सहित उसके साथ रकम भी दी जाती है।

## युवती हुई लापता मां ने पुलिस को दी तहरीर

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने में अपनी 22 वर्षीय पुत्री का अपहरण किए जाने की तहरीर दी है। पीड़ित महिला ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि बिहार थाना क्षेत्र के गांव के ही निवासी देवांश उर्फ कुंनी ने मेरी पुत्री को 20 अक्टूबर को बहलाफुसलाकर भगा ले गया। मेरे द्वारा लड़के के माता-पिता से शिकायत करने से माता-पिता झगड़े पर उतारू हो गए। थाना अध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर देवांश के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया गया है।

## सम्पादकीय

# कलयुग में भी प्रासंगिक है भगवान श्रीराम के आदर्श

भारतीय संस्कृति में दिवाली केवल दीपों और उत्सव का पर्व नहीं बल्कि सृष्टि के उस सनातन भाव का प्रतीक है, जिसमें प्रकाश अंधकार पर, श्रद्धा मोह पर और सृजन विनाश पर विजय प्राप्त करती है। इस दिन जब संपूर्ण भारत दीपों से जगमगा उठता है, तब हर घर, हर हृदय में भगवान राम के स्वागत की मंगल भावना जाग उठती है। मान्यता है कि इसी दिन भगवान राम 14 साल का वनवास पूरा करके आयोध्या लौटे थे। वो राम जिनके चरित्र की मिसाल आज भी दी जाती है और उन्हें उनके गुणों के कारण पूजनीय माना जाता है। श्रीराम ने हर परिस्थिति में सत्य और धर्म का पालन किया। उन्होंने अपने जीवन से संदेश दिया कि अगर इंसान चाहे तो वो अपने सद्कर्मों से मर्यादा पुरुषोत्तम हो सकता है। बस इसके लिए श्रीराम के आदर्शों का पालन करना अनिवार्य है। भगवान राम ने व्यक्तिगत सुख से ऊपर कर्तव्य को रखा। वनवास, सीता-हरण और युद्ध जैसी परिस्थितियों में भी उन्होंने धैर्य और विवेक बनाए रखा। जो दर्शाता है कि इंसान धैर्य, विवेक और कर्तव्य का तालमेल बनाकर चले तो किसी भी परेशानी पर विजय हासिल कर सकता है। श्रीराम में अन्दर इतने गुण थे कि एक मानव के रूप में जन्म लेने के बावजूद अपनी प्रजा के लिए वो भगवान बने रहे और आज भी अपने चरित्र के कारण पूजे जाते हैं। उनके जो आदर्श थे, वो आज के समय में भी उतने ही प्रासंगिक हैं। त्रेता युग में इंसानों की फितरत और सोच स्पष्ट थी, लेकिन अब कलियुग है। इस युग में इंसान भटका हुआ है और आधुनिकता की चकाचौंध के कारण प्राचीन विचार लोगों को तर्कहीन और मूल्यहीन लगते हैं। आधुनिक पीढ़ी की सोच गलत भी नहीं है लेकिन सामान हो या सोच, हर चीज का रूपांतरण संभव है। विचार और मूल्य कभी पुराने नहीं होते बल्कि अगर उनका आधार मजबूत हो, तो समय के साथ वो खुद को एक नए स्वरूप में ढाल लेते हैं। बस उन्हें अपनाने की सुलभता हममें होनी चाहिए। भले ही आधुनिक पीढ़ी भगवान राम के मूल्यों को प्राचीन सोचकर अपनाने से हिचके, लेकिन भगवान राम के आदर्श इतने मूल्यवान हैं कि वो आज भी प्रासंगिक हैं। उनके जीवन से कई शिक्षाएँ मिलती हैं, जो आधुनिक चुनौतियों में भी मार्गदर्शन करती हैं। आज की दौड़-भाग में सत्य और नैतिकता से समझौता करना आसान है। आज का युवा अनेक प्रलोभनों और चुनौतियों से घिरा है, इसलिए श्रीराम की सत्य और धर्मनिष्ठा युवाओं के लिए यह ईमानदारी और नैतिकता का प्रतीक है। राम का जीवन यह बताता है कि परिवार और समाज के प्रति कर्तव्य निभाना ही सच्चा धर्म है। उनकी कर्तव्यपरायणता युवाओं को कर्तव्य और जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा देती है। आज की पीढ़ी जहां व्यक्तिगत स्वतंत्रता और आत्म-संतुष्टि की ओर झुकी हुई है, वहीं श्रीराम का आदर्श हमें संतुलन सिखाता है। जो समझाता है कि स्वतंत्र रहो, पर अपने मूल्यों और परिवार से जुड़े रहो। श्रीराम की वाणी में संयम और आचरण में शुद्धता, सीमाओं और अनुशासन का महत्व सिखाते हैं। तनाव और असुरक्षा के दौर में श्रीराम का संकट में धैर्य रखना, युवाओं को मानसिक दृढ़ता और संकट-प्रबंधन की शिक्षा देता है। आज का युवा असफलता या आलोचना से निराश हो जाता है। ऐसे में भगवान श्रीराम का जीवन प्रेरित करता है कि संकट जीवन का अंत नहीं, बल्कि आत्मबल की परीक्षा है। हम अगर धैर्य से इस परीक्षा का सामना करें तो सफलता पाना तय है। बस जरूरी इस बात कि है कि हम अपनी युवा पीढ़ी को श्रीराम के आदर्शों का न केवल ज्ञान दें बल्कि उन्हें अपनाने का भी प्रेरित करें।



कृषि योजना

प्रमोद भार्गव

दो प्रमुख कृषि योजनाओं की शुरुआत की है। धन–धान्य और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन नाम से की गई ये योजनाएं यदि खेत में खरी उतरती हैं तो किसान की माली हालत तो सुधरेगी ही देश दाल उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी हो जाएगा। ये योजनाएं खासतौर से पिछड़े सौ जिलों में कृषि उत्पादकता बढ़ाने और विविध फसलों की पैदावार को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से आरंभ की जा रही हैं। दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर होने के लिए वर्ष 2030–31 तक उत्पादन को बढ़ाकर 350 लाख टन करने का लक्ष्य तय किया है। पीएम मोदी ने इस नाते 100 पिछड़े जिलों में दालों के उत्पादन का दायरा बढ़ाकर आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है।

# दाल उत्पादन में आत्मनिर्भरता के उपाय

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नानाजी देशमुख ने जयप्रकाश नारायण की जयंती पर दो प्रमुख कृषि योजनाओं की शुरुआत की है। धन-धान्य और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन नाम से की गई ये योजनाएं यदि खेत में खरी उतरती हैं तो किसान की माली हालत तो सुधरेगी ही देश दाल उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी हो जाएगा। इन योजनाओं के लिए 35,440 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। ये योजनाएं खासतौर से पिछड़े सौ जिलों में कृषि उत्पादकता बढ़ाने और विविध फसलों की पैदावार को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से आरंभ की जा रही हैं।

दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर होने के लिए वर्ष 2030-31 तक उत्पादन को 252 लाख टन से बढ़ाकर 350 लाख टन करने का लक्ष्य तय किया है। इस हेतु 35 लाख हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि दलहन उत्पादन के दायरे में लाई जाएगी। विडंबना देखिए, भारत दुनिया का सबसे बड़ा दलहन उत्पादन और उपभोक्ता देश है, लेकिन दालों की आपूर्ति आयात पर निर्भर हैं। हालांकि नरेंद्र मोदी के 11 साल के कार्यकाल में कृषि निर्यात दोगुना हो गया है लेकिन दालें आयात करनी पड़ती हैं।

आहार में पौष्टिक तत्वों का कारक मानी जाने वाली दालें, बढ़ते दामों के कारण गरीब की शारीरिक जरूरत पूरी नहीं कर रही हैं। ये हालात मानसून के दौरान औसत से कम या ज्यादा बारिश होने से तो उत्पन्न होते ही हैं, किसान के नकदी फसलों की ओर रुख करने के कारण भी हुए हैं। यही नहीं, यह स्थिति इसलिए भी बनी, क्योंकि कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार की गलत नीतियों के चलते किसान को खाद्य वस्तुओं की बजाय, ईंधन, प्लास्टिक और फूलों की फसल उगाने के लिए, कृषि विभाग ने जागरूकता के अभियान चलाए। यही वजह रही कि भूमंडलीकरण के दौर में दालों की पैदावार लगातार कम होती चली गई। दाल उत्पादन का रकबा लगभग 15 हजार हेक्टेयर कम हो गया। भारत में दालों की सालाना खपत 220 से 230 लाख टन है। मांग और आपूर्ति के इस बड़े अंतर के चलते जमाखोरों और दाल के आयातक व्यापरियों को भी वारे-न्यारे करने का मौका मिल जाता है। पौष्टिक आहार देश के हरेक नागरिक के स्वस्थ जीवन से जुड़ा अहम प्रश्न है। संविधान के मूलभूत अधिकारों में भोजन का अधिकार शामिल है। चूंकि दालें प्रोटीन और पौष्टिकता का महत्वपूर्ण जरिया हैं। चूंकि दालें आयात करनी होती हैं, इसलिए इनके भाव भी बीच-बीच में बढ़ जाते हैं। इस कारण मध्यवर्गीय व्यक्ति की थाली से दाल गायब होने लगती है। चुनांचे दाल व्यक्ति की सेहत से जुड़ी हैं और बीमारी की हालत में तो रोगी को केवल दाल-रोटी खाने की ही सलाह चिकित्सक देते हैं। वर्ष 1951 में प्रतिव्यक्ति दालों की उपलब्धता 60 ग्राम थी,जो वर्ष 2010 में घटकर 34 ग्राम रह गई। जबकि अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार यह मात्रा 80 ग्राम होनी चाहिए। दालें भारत में प्रोटीन का प्रमुख स्त्रोत मानी जाती हैं। लेकिन स्थानीय मांग पूरी करने के लिए दाल उत्पादन में किसान को बड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। तुअर दाल की फसल आठ माह में तैयार होती है। बावजूद किसान को उचित दाम नहीं मिलते हैं। गोया, किसान साल में एक फसल उगाने में रुचि कैसे लें? विदेशों में रहने वाले भारतीय भी सबसे ज्यादा तुअर की दाल खाना पसंद करते हैं। देश में सबसे अधिक चने और



अरहर की खेती होती है। इनके अलावा मूंग और उड़द की दालें पैदा होती हैं। देष में 10 राज्यों के किसान दालों की खेती करते हैं। इनमें सबसे अधिक उत्पादक राज्य महाराष्ट्र है। दालें मुख्य रूप से खरीफ की फसल हैं,जो वर्षा ऋतु में बोई जाती हैं। इस ऋतु में करीब 70 प्रतिशत दालों का उत्पादन होता है।

केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अनुसार दालों के तात्कालिक भाव 85.42 प्रति किलो से लेकर 112.88 रुपये किलो तक हैं। भावों में इस उछाल का कारण जमाखोरी और सट्टेबाजी के साथ आयात का कुचक्र है। टाटा, महिंद्रा, ईजी-डे और रिलांइस जैसी बड़ी कंपनियां जब से दाल के व्यापार से जुड़ी हैं, तब से ये जब चाहे तब मुनाफे के लिए दाल से खिलवाड़ करने लग जाती हैं। जब कंपनियां बड़ी तादाद में दालों का भंडारण कर लेती हैं,तो भावों में कृत्रिम उछाल आ जाता है। हालांकि केंद्र सरकार ने दालों का भंडारण सितंबर 2024 से सीमित किया हुआ है। इस कारण भाव नियंत्रण में हैं। मीडिया दाल के बढ़ते भावों को गरीब की थाली से जोड़कर उछालता है। तब सरकार दाल के आयात के लिए विवश हो जाती है। मसलन देशी-विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के हर हाल में पौ-बारह बने रहते हैं। इन कंपनियों का दबदबा इतना है कि कोई भी राज्य सरकार इनके गोदामों पर छापे डालने का जोखिम उठाने का साहस नहीं जुटा पाती। लिहाजा कालाबाजारी बदस्तूर रहती है। ये कंपनियां मसूर और मटर की दाल कनाडा से, उड़द और अरहर की दाल बर्मा के रंगून से, राजमा चीन से और काबुली चना आस्ट्रेलिया से आयात करती हैं। इनके अलावा अमेरिका, रूस, केन्या, तंजानिया, मोजांबिक, मलावा और तुर्की से भी दालें आयात की जाती हैं। कनाडा ने मसूर दाल के भाव पिछले साल की तुलना में दोगुने कर दिए हैं। कनाडा एशियाई देशों में सबसे ज्यादा दालों का निर्यात करने वाला देश है। इस नाते यह कहने में कोई दो राय नहीं कि विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियों की बात तो छोड़िए, देशी कंपनियां भी भारतीय कृषि को बदहाल बनाए रखना चाहती हैं। आयात की जब इन्हें खुली छूट मिल जाती है तो ये जरूरत से ज्यादा दाल व तेल का आयात करके भारत को डंपिंग ग्राउंड बना देती हैं। तय है, कालांतर में भारत की तरह दूसरे देशों में यदि मौसम रूठ जाता है तो दाल और प्याज की तरह खाद्य-तेल के भाव भी आसमान छूने लग जाते हैं। सस्ते तेल का आयात जारी रहने की वजह से ही भारत में तिलहन का उत्पादन प्रभावित हो रहा है। बावजूद हमारे नेता ऐसी नीतियों को बढ़ावा देने की कोशिशों में लगे रहे हैं कि दलहन और तिलहत के क्षेत्र में भारत पूरी तरह परावलंबी बना रहे। इस परिप्रेक्ष्य में मनमोहन सरकार के कृषि मंत्री बलराम जाखड़ ने सलाह दी थी कि भारत अफ्रीका में दालें उगाए और फिर आयात करे।


इसी तरह संप्रग सरकार में कृषि मंत्री रहे शरद पवार म्यांमार और उरुग्वे में दालें पैदा करके आयात करना चाहते थे। ये सुझाव समझ से परे हैं। फसल के बाद होने वाले नुकसान को कम करने के लिए प्रमुख उत्पादन क्षेत्रों में आधुनिक गोदाम और कोल्ड स्टोरेज का नेटवर्क बनाना होगा। यह इस योजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। दाल से बेसन, पापड़, नमकीन और अन्य उत्पाद बनाने के लिए स्थानीय प्रसंस्करण को बढ़ावा देने से किसानों की आय में और वृद्धि होगी। आखिर ऐसे क्या रहस्य हैं कि हमारे नीति-नियंता विदेशी धरती पर तो दाल उत्पादन को प्रोत्साहित करना चाहते हैं, किंतु देश के किसानों को लाभकारी मूल्य देना नहीं चाहते? ऐसी मंशाएं देश की खाद्य सुरक्षा को जान-बूझकर संकट में डालने जैसी लगती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस नाते 100 पिछड़े जिलों में दालों के उत्पादन का दायरा बढ़ाकर आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है।

## सारा संसार



अमृतसर का स्वर्ण मंदिर केवल भारत ही नहीं बल्कि दुनिया का मशहूर मंदिर है जिसकी गिनती भारत के सबसे चमत्कारिक मंदिर में की जाती है। बहुत कम लोग जानते हैं लेकिन इस मंदिर को हरमंदिर साहिब के नाम से भी जाना जाता है। कहने को तो ये सिखों का गुरुद्वारा है, लेकिन मंदिर शब्द का जुड़ना इसी बात का प्रतीक है कि भारत में हर धर्म को एकसमान माना गया है।

## क्रियायोगः अधिक विकसित होगी नई पीढ़ी



संकलित

दर्शन

सभी मनुष्य वस्तुतः आत्माएं ही हैं। आपके लिए मात्र जन्म के आधार पर ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं है। जिन्हें हम 'नौजवान व्यक्ति' कहते हैं, वे पुरानी आत्माएं हैं और वे प्रत्येक मनुष्य में अंतर्जात कामनाओं-सुख, सुरक्षा, प्रेम इत्यादि कामनाओं को पूर्ण करने के लिए हर प्रकार के प्रयासों और आकांक्षाओं से गुजर चुकी हैं। उन्होंने उस (पूर्ति) को प्राप्त करने के प्रयास में अनेक जन्म व्यतीत किए हैं और अंततः वे यहां आए हैं तथा जिन लोगों ने जन्म लिया है, उनमें से लाखों लोग अपने पूर्वजन्मों से विकास के उस चरण में हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में श्रीकृष्ण इस विषय पर प्रकाश डालते हैं। वे अर्जुन से कहते हैं, 'यदि अंतिम लक्ष्य को प्राप्त किए बिना तुम्हारे इस जीवन का अंत हो जाता है तो चिंता मत करो, क्योंकि योग-ध्यान का कोई भी प्रयास व्यर्थ नहीं होता है।' तत्पश्चात उस भक्त का एक ऐसे वातावरण में पुनर्जन्म होता है, जहां वह पुनः अपनी आगे की यात्रा प्रारंभ करता है। इसलिए जिन्हें आप 'नौजवान व्यक्ति' कह रहे हैं, वे ज्ञानीजन हैं। वे संभवतः ऐसे युद्धरत आत्माएं हैं, जो हर प्रकार के अनुभव से गुजर चुके हैं और जिनकी चेतना इस प्रकार की है कि उन्होंने विभिन्न परिस्थितियों में हर तरह के कार्य किए हैं। वे पुनः लौटकर आते हैं और कहते हैं, 'अब मैं अपना और अधिक समय व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं अपने और अधिक जन्मों को व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं वह कार्य करूंगा, जो वास्तव में मेरे आत्मा की क्षमताओं और मेरे आत्मा में विद्यमान उस दिव्य संपर्क की तृष्णा की पूर्ति करेगा।'

## एक लकड़ी का कटोरा



संकलित

प्रेरणा

एक वृद्ध व्यक्ति अपने बहु-बेटे के यहां शहर रहने गया। वो एक छोटे से घर में रहते थे, पूरा परिवार और उसका चार वर्षीया पोता एक साथ ही खाना खाते थे। लेकिन वृद्ध होने के कारण उस व्यक्ति को खाने में बड़ी दिक्कत होती थी। बहु-बेटे कुछ दिनों तक तो ये सब सहन करते रहे। अगले दिन जब खाने का वक्त हुआ तो बेटे ने एक पुरानी मेज को कमरे के एक कोने में लगा दिया और अपने बूढ़े बाप से बोला कि पिता जी आप यहां पर बैठ कर खाना खाया करो। बूढ़ा पिता वहीं अकेले में बैठ कर अपना भोजन करने लगा, यहां तक की उनके खाने-पीने के बर्तनों की जगह एक लकड़ी का कटोरा दे दिया गया था। बाकी लोग पहले की तरह ही आराम से बैठ कर खाना खाते। वहां बैठा बालक भी यह सब बड़े ध्यान से देखता रहता, और अपने में मस्त रहता। एक रात खाने से पहले, उस छोटे बालक को उसके माता-पिता ने जमीन पर बैठकर कुछ करते हुए देखाः तुम क्या बना रहे हो? पिता ने पूछा, बच्चे ने मासूमियत के साथ उत्तर दिया, अरे मैं तो आप लोगों के लिए एक लकड़ी का कटोरा बना रहा हूँ, ताकि जब मैं बड़ा हो जाऊं तो आप लोग इसमें खा सकें, और वह पुनः अपने काम में लग गया। पर इस बात का उसके माता-पिता पर बहुत गहरा असर हुआ। उनके मुंह से एक भी शब्द नहीं निकला और आँखों से आंसू बहने लगे। वो दोनों बिना बोले ही समझ चुके थे कि अब उन्हें क्या करना है। उस रात वो अपने बूढ़े पिता को वापस डिनर टेबल पर ले आये, और फिर कभी उनके साथ अभद्र व्यवहार नहीं किया।



प्रियंका श्रीवास्तव

# अमेरिका में दिवालीः जहां प्रकाश मिलता है नेतृत्व से

हर साल पतझड़ के मौसम में, जब अमेरिका के शहरों की सड़कें और इमारतें रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाती हैं, एक अलग तरह की चमक भी फैलती है- दिवाली की रोशनी। कभी यह जश्न सिर्फ भारतीय प्रवासियों के घरों तक सीमित था, लेकिन अब यह त्योहार कॉर्पोरेट बोर्डरूम, विश्वविद्यालयों और सामुदायिक केंद्रों में सांस्कृतिक समावेश, धैर्य और नवीनीकरण का प्रतीक बन गया है। जब मैं पहली बार अमेरिका आई थी, दिवाली का मतलब था छोटे से अपार्टमेंट में दीये जलाना, फैमिली के साथ वीडियो कॉल पर जुड़ना, और कुछ करीबी दोस्तों के साथ घर का बना मिठाई साझा करना। समय के साथ वह छोटा सा मंडल बढ़ता गया-सहकर्मी शामिल हुए, स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए, और यहां तक कि कंपनियों के लॉबी में रंगोली सजने लगी। जो कभी सिर्फ यादों की बात थी, वह अब एक 'समान भाव' बन गई।

***साझा मूल्यों का त्योहार :*** दिवाली का संदेश-अंधकार पर प्रकाश की जीत, अज्ञान पर ज्ञान की जीत, और निराशा पर आशा की जीत- धर्म और देश की सीमाओं को पार कर जाता है। यह आधुनिक नेतृत्व के नजरिए के समान हैः जटिलता में स्पष्टता, प्रतिस्पर्धा में सहानुभूति, और अनिश्चितता में साहस। कार्यालयों में दिवाली मनाना सिर्फ सांस्कृतिक पहचान का मामला नहीं है-यह हमें याद दिलाता है कि समावेश ही नवाचार है। जब संगठन विविध परंपराओं का सम्मान करते हैं, तो वे ऐसे वातावरण का निर्माण करते हैं जहां लोग अपने पूरे व्यक्तित्व के साथ काम में शामिल हो सकते हैं-और जहां सृजनात्मकता वास्तव में चमकती है।

***प्रकाश को विरासत बनाना :*** मेरे लिए हर साल दीया जलाना व्यक्तिगत और पेशेवर दोनों दृष्टि से महत्व रखता है। यह एक चिंतन का अनुष्ठान है-इस पर कि क्या हासिल किया गया, क्या सीखा गया, और हम कौन-सा प्रकाश आगे ले जा सकते हैं। एक ऐसी दुनिया में, जो अक्सर शोर और गति से परिभाषित होती है, दिवाली हमें रुकने का अवसर देती है। यह हमें प्रेरित करती है कि हम सहानुभूति के साथ नेतृत्व करें, ईमानदारी से निर्माण करें,

## शोभा यात्रा



दीपोत्सव के मौके पर अयोध्या में रविवार, 19 अक्टूबर, 2025 को आयोजित शोभा यात्रा में कलाकार हिस्सा लेते हुए। दीप पर्व पर राम की नगरी अयोध्या में भव्य यात्रा निकाली गई।

## आज की पाती

### विद्यार्थी मोबाइल से दूरी बनाए रखें

राज्य सरकार सभी स्कूलों में शिक्षकों और विद्यार्थियों को स्कूल समय में मोबाइल का उपयोग करने पर प्रतिबंध लगाए। अगर स्कूलों और अन्य शिक्षा संस्थानों में मोबाइल प्रयोग की खुली छूट दे दी जाए तो बहुत से विद्यार्थी इसका दुरुपयोग ही करते हैं, इसलिए यह जरूरी है कि यहां मोबाइल पर प्रतिबंध लगे, लेकिन अगर शिक्षकों के मोबाइल प्रतिबंधित नहीं होंगे और शिक्षक पढ़ाने के दौरान मोबाइल प्रयोग करेंगे तो इसका विद्यार्थियों पर नकारात्मक प्रभाव पडेगा। विद्यार्थियों को चाहिए कि वो अपनी जिंदगी का कीमती समय बेवजह बर्बाद न करें। टेक्नोलॉजी का उचित प्रयोग किया जाए तो वो लाभकारी सिद्ध होती है और दुरुपयोग हानिकारक।

*- प्रेम त्रिपाठी, भाटापारा*

## ट्रेंड

### बंगाल घुसपैठिया मुक्त होगा



गुजरात, राजस्थान, असम में घुसपैठ नहीं होती, क्योंकि वहाँ भाजपा सरकार है, बंगाल और झारखंड में घुसपैठियों का स्वागत वोट बैंक के लिए होता है। बंगाल से ममता सरकार हटने और भाजपा सरकार आने के बाद बंगाल घुसपैठिया मुक्त होगा।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### अर्थव्यवस्था को नई उड़ान



लखनऊ का स्ट्रैटेजिक मटेरियल टेक्नोलॉजी कॉम्प्लेक्स, औद्योगिक नक्शे पर एक नया आयाम जोड़ने वाला है। इससे एक नई इनोवेशन चेन भी बनेगी, जो न केवल रक्षा तकनीक में आत्मनिर्भर भारत का सपना पूरा करेगी, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी नई उड़ान देगी।

- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

### ग्रीन पटाखों का प्रयोग करें



सालों बाद दिल्ली में दिवाली का उत्सव फिर से अपने पूरे रंग और रोशनी के साथ मनाया जाएगा। आप सभी से अपील है कि इस दीपावली केवल प्रमाणित ग्रीन पटाखों का ही प्रयोग करें और निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन अवश्य करें।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### हृदय को प्रकाशित करें




जिस प्रकार अयोध्यावासियों ने भगवान राम के वास्तविक निवास में स्वागत के लिए नगर को प्रकाशित किया था, आइए हम भी उनके वास्तविक निवास में स्वागत करने के लिए अपने हृदय को प्रकाशित करें..

- शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर

# चोरी की घटना के बाद फ्रांस का लूव्र संग्रहालय किया बंद

फ्रांस के लूव्र संग्रहालय में रविवार को चोरी की एक घटना हुई और इसे दिन भर के लिए बंद कर दिया गया है जबकि प्राधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। यह जानकारी फ्रांस की संस्कृति मंत्री रचिदा दाती ने दी। रचिदा दाती ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, आज सुबह लूव्र संग्रहालय खुलने के समय चोरी की एक घटना हुई।खबर में कहा गया है कि उन्होंने अपोलो गैलरी के लक्षित कमरे तक सीधे पहुंचने के लिए एक मालवाहक लिफ्ट का इस्तेमाल किया। 'ले पेरिसियन' की खबर के अनुसार, खिड़कियां तोड़ने के बाद, अपराधियों ने कथित तौर पर नेपोलियन और महारानी के आभूषण संग्रह से नौ आभूषण चुरा लिये।



## ऑफ बीट

# आंत रोग की कुछ स्थितियां पार्किंसंन के लिए जिम्मेदार

कुछ गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याएं, जैसे निगलने में कठिनाई, कब्ज और आंत विकार (आईबीएस) पार्किंसंन रोग के जोखिम से जुड़ी हो सकती हैं। एक अध्ययन से यह जानकारी सामने आई है। पार्किंसंन एक मस्तिष्क विकार है, जिसके कारण शरीर में कंपकंपी, ऐंठन और संतुलन एवं समन्वय बैठाने में कठिनाई होती है। शोधकर्ताओं ने कहा कि पूर्व में आंत की कुछ समस्याओं को पक्षाघात या मस्तिष्क धमनी विकार या अल्जाइमर रोग जैसी बीमारियों का कारण बनने से जोड़ा गया है। पत्रिका 'गट' में प्रकाशित नवीनतम अध्ययन में अमेरिकी राष्ट्रव्यापी मेडिकल रिकॉर्ड नेटवर्क (ट्राइनेटएक्स) के 24,624 लोगों के आंकड़ों का उपयोग किया गया



## संक्षेप

### दहेज के लिए पत्नी को छोड़ा

**पुलिस दबाव में किया शादी, 10 लाख व कार की रखी मांग**

सुलतानपुर, धम्मौर थाने में एक महिला ने अपने पति, ससुर और जेठ के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया है। महिला का आरोप है कि शादी का झूठा वादा कर शारीरिक संबंध बनाए गए और बाद में दहेज की मांग पूरी न होने पर उसे प्रताड़ित किया जा रहा है।शिकायतकर्ता महिला धम्मौर के एक गांव की निवासी है।उसने बताया कि प्रयागराज के यूनाइटेड मेडिसिटी में फार्मासिस्ट के पद पर कार्यरत राम तीरथ कश्यप ने उससे शादी का झूठा आश्वासन देकर शारीरिक संबंध बनाए थे।बाद में राम तीरथ ने अपने पिता राजेश कुमार कश्यप और बड़े भाई दिनेश कश्यप के साथ मिलकर शादी से इनकार कर दिया था।महिला की शिकायत के बाद पुलिस के दबाव में राम तीरथ और उनके परिवार वाले शादी के लिए तैयार हुए।यह विवाह 27 जुलाई 2025 को धम्मौर के एक मंदिर में संपन्न हुआ, जिसमें दोनों परिवारों के सदस्य मौजूद थे। चूंकि दोनों पहले से प्रेम संबंध में थे, इसलिए महिला के पिता ने कोई उपहार या दहेज नहीं दिया था।शादी के बाद राम तीरथ, उनके पिता और भाई इस बात से नाराज हो गए।महिला का आरोप है कि उन्होंने दहेज लेकर दूसरी शादी करने की साजिश रची।

### मेडिकल कॉलेज वार्ड में घूमता दिखा कुत्ता

**सुरक्षा पर सवाल, पहले भी मरीज गायब होने की हुई है घटना**

सुलतानपुर, राजकीय मेडिकल कॉलेज के एक वार्ड में कुत्ता घूमते हुए दिखने का वीडियो सामने आया है।यह घटना अस्पताल प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था में बड़ी लापरवाही को उजागर करती है।यह स्थिति तब है जब कॉलेज की नई बिल्डिंग में सुरक्षा के लिए निजी गार्ड तैनात हैं। वायरल वीडियो शनिवार का बताया जा रहा है। वीडियो में मेडिकल कॉलेज की नई बिल्डिंग के वार्ड में एक कुत्ता बेरोकटोक घूमता दिख रहा है। बिल्डिंग के मुख्य द्वार पर निजी गार्डों की तैनाती रहती है, जो आगंतुकों पर नजर रखते हैं। इसके बावजूद कुत्ते का वार्ड में पहुंचना और मेडिकल स्टाफ का मोबाइल पर व्यस्त रहना गंभीर सवाल खड़े करता है। यह लापरवाही ऐसे समय सामने आई है जब कुछ दिन पहले ही इसी बिल्डिंग से एक मरीज रात के समय अपने बिस्तर से गायब हो गया था।

### चपरासी की नौकरी दिलाने का झांसा

**सुल्तानपुर में 7 लाख से अधिक की ठगी, कोर्ट के आदेश पर एफआईआर दर्ज**

सुलतानपुर, जयसिंहपुर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति से स्कूल में चपरासी की नौकरी दिलाने के नाम पर 7 लाख 400 रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित महावीर पुत्र राम सुभावन निवासी देवपरापार ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने जालसाजी का अभियोग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।इस मामले में बाबा बाल गोविंद द्वारिका प्रसाद स्मारक बालिका उमा विद्यालय, कटरा चुंग्धूपुर, विरसिंहपुर के प्रधानाचार्य बिन्दुकला जायसवाल, प्रबंधक प्रयागदत्त तिवारी और बड़े बाबू आदित्य कुमार उर्फ विशाल पर धोखाधड़ी का आरोप लगा है।

# जूनियर इंजीनियर पद पर चयनित हुए कृष सोनी, परिवार में खुशी का माहौल

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच।नगर पंचायत कैसरगंज निवासी कृष सोनी, पुत्र राजेश कुमार सोनी का चयन राजस्थान सरकार के जल संसाधन विभाग में जूनियर इंजीनियर के पद पर हुआ है। इस उपलब्धि से परिवार तथा क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कृष सोनी ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा कंचन कॉन्वेंट स्कूल, कैसरगंज से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने जनपद मैनपुरी से हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्कृष्ट अंकों से उत्तीर्ण की। अपनी लगन, मेहनत और निरंतर प्रयासों के बल पर उन्होंने यह सफलता अर्जित की।

कृष सोनी ने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने गुरुजनों और माता-पिता को देते हुए कहा

> मेरी सफलता के पीछे मेरे परिवार और शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा।मैं सभी का आभार व्यक्त करता हूं और अभिभावकों से अपील करता हूं कि वे अपने बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करें, यही हमारी असली धरोहर है। इस सफलता पर क्षेत्र के लोगों ने कृष सोनी और उनके परिवार को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# मिशन शक्ति व एण्टी रोमियो टीम द्वारा पीड़िता को किया गया बरामद



अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। रूपईडीहा थाना स्तर पर महिलाओ की सुरक्षा हेतु संचालित महिला सशक्तिकरण एवं मिशन शक्ति फेज पांच अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युम्न सिंह के कुशल निर्देशन व प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति व एण्टी रोमियो टीम प्रभारी उ0नि0 सूर्यभान मय हमराही पुलिस बल द्वारा थाना रूपईडीहा जनपद बहराइच पर पंजीकृत मु0अ0सं0 293/2025 धारा 137(2) बीएनएस से संबंधित पीड़िता पिंकी (काल्पनिक नाम) (16) को नहर चौराहा गंगापुर थाना रूपईडीहा से सकुशल बरामद किया गया।बरामद शुदा पीड़िता को थाना लाकर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर पीड़िता को मेडिकल परीक्षण व अन्य कार्यवाही हेतु सदर बहराइच रवाना किया गया। इस मौके पर आरक्षी विकास प्रजापति, उमीर्ला सिंह मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों मे युवती की नदी में डूब कर हुई मौत

**परिजनों में मचा कोहराम**



अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच।पैर फिसलने से नदी मे डूबी युवती, परिजनों मे मातम, जांच में जुटी स्थानीय पुलिस। राजस्व महकमा भी मौजूद। खबर है कि जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर धोबिया हार गांव निवासी प्रह्लाद पोरवाल की लगभग 32 वर्षीय पत्नी रामादेवी कि गुरुवार लगभग 10 बजे सरयू नदी (गढ़ीघाट) के किनारे पैर फिसलने से गहरे पानी मे जाने पर डूब गई और मौत हो गई।जिससे परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। आकस्मिक मृत्यु से अफरा तफरी मच गई। वहीं फौती सूचना पर पंहुची चौकी बैबाही पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है। राजस्व महकमा भी मौजूद है। हालांकि आरोपों प्रत्यारोपों के दौर मे पीएम रिपोर्ट होगा घटना का साक्ष्य।

# बस की चपेट में आने से महिला की मौत

- अमेठी में इलाज कराकर लौटते समय हुआ हादसा, पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया शव

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, बाजारशुकुल में एक सड़क हादसे में बाइक सवार महिला की बस की चपेट में आने से मौके पर मौत हो गई। यह घटना किशनी के समीप हुई, जब महिला अपने पति के साथ इलाज कराकर वापस लौट रही थी। मृतका रानी अपने पति आसाराम विश्वकर्मा के साथ मुसाफिरखाना से इलाज करवाकर बाइक से घर लौट रही थीं। किशनी के पास लखनऊ-किशनी रूट की एक बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे रानी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतका रानी के पांच बच्चे हैं, जिनमें अंशिका (14), रिकेश (12), सोनाली (8), सोनम (6) और विज्ञाशु (4) शामिल हैं। इस घटना से परिवार में मातम छा गया है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस बाजारशुकुल मौके पर पहुंची।इस बीच, सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण और परिजन घटनास्थल पर जमा हो गए और शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन करने लगे। थानाध्यक्ष अभिनेष कुमार ने बताया कि ग्रामीणों और परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया गया है।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# स्वदेशी मेले में धर्मेंद्र द्विवेदी सम्मानित

**उप आयुक्त नेहा सिंह ने प्रशस्ति पत्र और शील्ड दी, सह-संयोजक राजीव तिवारी का भी हुआ सम्मान**

अमन लेखनी समाचार




सुलतानपुर, पंडित रामनरेश त्रिपाठी सभागार में उत्तर प्रदेश ट्रेड-शो स्वदेशी मेले 2025 का आयोजन किया गया। विधान परिषद सदस्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के विभाग संयोजक धर्मेंद्र द्विवेदी को उप आयुक्त नेहा सिंह ने प्रशस्ति पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया। मेले के समापन समारोह में स्वदेशी जागरण मंच के विभाग सह-संयोजक राजीव तिवारी और जिला संयोजक आशीष तिवारी को भी प्रशस्ति पत्र और शील्ड प्रदान की गई। उप आयुक्त नेहा सिंह ने स्वदेशी जागरण मंच के सभी पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इससे पहले, विधान परिषद सदस्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने मेले में लगे विभिन्न स्टालों का भ्रमण किया। उन्होंने राजेश सिंह, रिंका सिंह, रजनीबाला और उषा सिंह के मूंज क्राफ्ट उत्पादों, पूजा श्रीवास्तव स्वयं सहायता समूह, सुनीता सिंह के रेडीमेड गारमेंट्स, अंजुम बानो और तबस्सुम बानो स्वयं सहायता समूह के उत्पादों, तथा प्रेम विश्वकर्मा की काष्ठ कला के स्टालों का अवलोकन किया। सिंह ने कौशल विकास मिशन, माटी कला बोर्ड, खादी ग्रामोद्योग, एनआरएलएम, आरसेटी (बैंक ऑफ बड़ौदा) और यूपीनेडा जैसे विभागीय स्टालों का भी जायजा लिया।इस दौरान कई अन्य हस्तशिल्पियों को भी प्रशस्ति पत्र और शील्ड प्रदान की गईं।कार्यक्रम में सीएम-युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत लाभार्थियों को डेमो चेक वितरित किए गए। इनमें रेनु वर्मा (सोलर), जयभद्र सिंह (जिम), उमेश कुमार वर्मा (फूड ट्रक), रंजीता रावत (दोना पत्तल) और गोपीचंद्र (ई-रिक्शा) शामिल थे।

# तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से महिला की मौत

- अमेठी के मुसाफिरखाना में हुआ हादसा, वाहन चालक फरार

अमन लेखनी समाचार




अमेठी, मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र में गौरीगंज-मुसाफिरखाना मार्ग पर एक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। पिंडारा गांव के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पैदल जा रही महिला को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मुसाफिरखाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुसाफिरखाना ले गई, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच जारी है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बाइक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

- राशन कार्ड बनवाकर लौट रहे थे, मजदूरी से हो रहा था गुजारा, कोई संतान नहीं

अमन लेखनी समाचार




शाहजहांपुर, एक सड़क हादसे में 90 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। सिंधौली क्षेत्र के रहने वाले चोखेलाल साइकिल से राशन कार्ड बनवाकर घर लौट रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। यह घटना बुधवार को हुई और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि, चोखेलाल पुवायां स्थित राशन कार्ड बनवाने गए थे। वापस लौटते समय सौरा चौराहा के पास एक तेज रफ्तार बाइक ने उनकी साइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि चोखेलाल उछलकर दूर जा गिरे और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।हादसे के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने चोखेलाल के कपड़ों की तलाशी ली, जिसमें उनका आधार कार्ड मिला। इससे उनकी पहचान हुई और परिवार को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने बताया कि 90 वर्षीय चोखेलाल मजदूरी करके गुजारा करते थे। उनकी पत्नी का नाम रामकली है। उनकी कोई संतान नहीं थी, इसलिए सभी रिश्तेदार मिलकर उनका अंतिम संस्कार करेंगे।

# सड़क हादसे में एक की मौत, 2 घायल

## बाइक से घर जा रहे थे तीन दोस्त, हुआ हादसा

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़ , अकराबाद थाना इलाके के दिल्ली कानपुर हाइवे पर गांव जसरथ पुर के पास देर रात बाइक सवार तीन दोस्त हादसे का शिकार हो गए ।हादसे में एक युवक की मौत हो गई।जबकि उसका रिश्ते का भाई और दोस्त घायल हो गया।राहगीरों की भीड़ मौके पर एकत्र हो गई । सूचना पर एम्बुलेंस मौके पर आई।शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। वही दोंनो घायलों की हालत गम्भीर देख डॉक्टर ने जवाहर लाल मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक, दादों थाना इलाके के गांव खुशीपुरा के रहने वाले शिवम फरीदाबाद के बल्लभगढ़ में ट्रांसपोर्ट कम्पनी चलाते हैं। उनके यहां बतौर चालक 31 वर्षीय नीलेश पुत्र राम नरेश , उसका चचेरा भाई अनुज पुत्र सुरेंद्र निवासी गण गांव कुंज पुर थाना सकीट जनपद एटा और राजू पुत्र महावीर निवासी नगला पीपल थाना ओछा जनपद मैनपुरी नोकरी करते हैं। तीनो आपस मे मित्र हैं। ट्रांसपोर्ट मालिक शिवम ने बताया कि त्योहार के चलते अपने कर्मचारियों को गिफ्ट दिए थे। उसके बाद वह गांव आ गए। रात में जानकारी मिली कि उक्त तीनों दोस्तो का एक्सीडेंट हो गया । जिला अस्पताल आने पर जानकारी हुई कि नीलेश की हादसे में मौत हो चुकी है। जबकि दो अन्य की हालत गम्भीर है। मुझे ये जानकारी नही की तीनों कितने बजे बल्लभगढ़ से चले थे।इनका कैसे और किस वाहन से एक्सीडेंट हुआ है। उधर, जिला अस्पताल की इमरजेंसी नाइट ड्यूटी इंचार्ज डॉक्टर गजेश प्रजापति ने बताया कि रात करीब 12 बजे एम्बुलेंस दो घायल और एक व्यक्ति को मृत अवस्था मे लेकर आई थी।युवक के शव को मोर्चरी में रखवा दिया है। जबकि दो घायल की हालत गम्भीर थी।उनके सिर में चोट लगी है। बताया जा रहा है सड़क हादसे का शिकार हुए हैं। दोंनो घायलों को रात करीब एक बजे तक मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।साथ ही इसकी सूचना सम्बंधित थाने को भिजवाई है।

# युवक का शव फांसी पर लटका मिला

- कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत, पोस्टमार्टम के लिए भेजा

अमन लेखनी समाचार




रायबरेली, जनपद के दोस्तपुर में एक युवक का शव उसके कमरे के अंदर फांसी के फंदे से लटका मिला। घटना संदिग्ध परिस्थितियों में हुई, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।यह घटना गुरुवार सुबह थाना क्षेत्र के दोस्तपुर में सामने आई। मृतक की 8 वर्षीय बहन पल्लवी और रमेश कुमार घर पर थे। पल्लवी ने अपने भाई को कमरे के अंदर कुंडी से गमछे के सहारे लटका हुआ देखा।उसने तुरंत बाहर जाकर पड़ोसियों को बुलाया, लेकिन जब तक लोग इकट्ठा हुए, तब तक युवक की मौत हो चुकी थी।मृतक की पत्नी रामपति का रो-रोकर बुरा हाल है। उनकी शादी को अभी एक साल भी पूरा नहीं हुआ था।रामपति तीन दिन पहले रिश्तेदारी में धान काटने गई थीं और उन्हें अपने पति की मौत की खबर वहीं मिली। थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। पुलिस को अभी तक इस संबंध में कोई तहरीर नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा।

# कूड़ा फेकने के विवाद में मारपीट

**कई लोगों ने घर में घुसकर पीटा, घटना सीसीटीवी में कैद**

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, बल्दीराय थाना क्षेत्र के पूरे दूबे भवानीगढ़ गांव से एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें जमकर लाठी-डंडों से मारपीट होती दिख रही है।पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है।यह फुटेज तीन दिन पहले का बताया जा रहा है।जानकारी के अनुसार, पूरे दूबे भवानीगढ़ निवासी महेश कुमार ने शिकायत दर्ज कराई है।उन्होंने बताया कि हाल ही में वह अपने घर के दरवाजे पर बैठे थे, तभी अवधेश कुमार नामक व्यक्ति उनके घर के सामने कूड़ा फेंकने लगा।महेश कुमार ने जब इसका विरोध किया, तो अवधेश ने गाली-गलौज शुरू कर दी और फोन करके अन्य लोगों को बुला लिया। कुछ ही देर में ज्ञान प्रकाश शुक्ला, सुधीर शुक्ला, शुभम शुक्ला, अतुल मिश्रा और रोविन कुमार सहित कई लोग मौके पर इकट्ठा हो गए।इन सभी ने एक साथ मिलकर महेश कुमार पर लाठी, डंडे और सरिया से हमला कर दिया।हमलावर मारपीट करते हुए उनके घर के अंदर घुस गए।महेश कुमार को बचाने के लिए उनके भाई सर्वेश कुमार, पत्नी सरिता और कांता देवी सामने आए, तो हमलावरों ने उन्हें भी मां-बहन की भद्दी गालियां देते हुए बेरहमी से पीटा।इसी दौरान, महेश कुमार का मोबाइल छीनकर जमीन पर पटक दिया गया। हमले में महेश कुमार बेहोश हो गए, जिन्हें उनकी पत्नी ने पानी डालकर होश में लाया।पड़ोसियों को इकट्ठा होते देख सभी हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

# रोडवेज बस की टक्कर से महिला की मौत

**मुआवजे की मांग पर प्रदर्शन, ड्राइवर और कंडक्टर फरार**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, किसनी गांव के पास एक सड़क दुर्घटना में 35 वर्षीय महिला रानी देवी की मौके पर ही मौत हो गई।यह हादसा तब हुआ जब वह अपने पति और बच्चों के साथ दवा लेकर मोटरसाइकिल से घर लौट रही थीं।

उनकी मोटरसाइकिल की रोडवेज बस से टक्कर हो गई। दूधाधारी मजरे किसनी निवासी आसाराम अपनी पत्नी रानी देवी और बच्चों के साथ स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर थे। रास्ते में उनकी मोटरसाइकिल की सरकारी रोडवेज बस से जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में रानी देवी की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई, जबकि उनके पति आसाराम को मामूली चोटें आईं। घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने मृतक महिला के शव को सड़क पर रखकर घंटों विरोध प्रदर्शन किया। वे रोडवेज बस के खिलाफ सख्त कार्रवाई और पीड़ित परिवार के लिए उचित मुआवजे की मांग कर रहे थे, जिसके कारण मार्ग अवरुद्ध हो गया और यातायात बाधित हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रित करने तथा ग्रामीणों को शांत कराने में जुट गया। घटना के बाद बस का चालक और परिचालक मौके से फरार हो गए। बस में सवार यात्रियों ने भी स्थानीय लोगों की मदद से अपने गंतव्य के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की। परिजनों ने तत्काल उचित मुआवजे की मांग की। पुलिस ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर और उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर प्रदर्शन समाप्त करवाया।शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है

## संक्षेप

### कूड़ा पहाड़ को लेकर निगम के खिलाफ प्रदर्शन

**लोहियानगर थाने पहुंचे सपा कार्यकर्ता, बोले – कूड़े का निस्तारण न कर आग लगाई जा रही**

मेरठ, हापुड़ रोड स्थित लोहियानगर क्षेत्र में कूड़े के पहाड़ में लगी आग के कारण उठते धुएं ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। इलाके में फैल रही जहरीली दुर्गंध और धुएं से लोगों को आंखों में जलन और सांस लेने में दिक्कत हो रही है। बावजूद इसके नगर निगम प्रशासन लापरवाह बना हुआ है। सपा नेता गौरव काजीपुर का आरोप है कि नगर निगम के कुछ कर्मचारी और ठेकेदार जानबूझकर सड़क किनारे और खाली पड़ी जगहों पर कूड़ा फेंक रहे हैं। कूड़े में आग लगा देने से धुआं फैलता है और प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा है। इससे स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। परेशान होकर शनिवार को सपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग लोहियानगर थाने पहुंचे और नगर निगम अधिकारियों के खिलाफ तहरीर दी। उन्होंने जिम्मेदारों पर मुकदमा दर्ज करने और तुरंत कार्रवाई की मांग की। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रदूषण विभाग और नगर आयुक्त को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। स्वास्थ्य विभाग ने भी अपील की है कि कूड़े को ढककर रखा जाए और आग लगाने पर सख्त कार्रवाई हो सपा कार्यकताओं ने चेतावनी दी कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान लोहियानगर थाने पर तहरीर देने वालों में रिंकू बैसला, टोनी गुर्जर, मधु गुर्जर, ओसामा घोसीपुरा, मोहसिन जाहिदपुर, कपिल, रानू, अजय प्रधान, विशाल बैसला, अमित, जसविंदर सिंह, शुभम बैसला, मोहित धामा, यश भड़ाना समेत दर्जनों स्थानीय लोग शामिल रहे।

### दो बाइकों की टक्कर अधेड़ की मौत


**एक युवक गंभीर घायल, गाय को बचाने के प्रयास में हुआ हादसा**

रायबरेली, जिले के मिल एरिया कोतवाली थाना क्षेत्र में सिधौना के पास दो मोटरसाइकिलों की टक्कर हो गई। इस हादसे में 55 वर्षीय एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए रायबरेली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, यह घटना तब हुई जब सिधौना कस्बे के पास दोनों बाइकें समानांतर चल रही थीं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, एक गाय को बचाने के प्रयास में दोनों बाइकों में भीषण टक्कर हो गई। मृतक की पहचान मूसहा, थाना मिल एरिया निवासी राम सजीवन (55 वर्ष) पुत्र मिश्रीलाल के रूप में हुई है। वहीं, दूसरी बाइक पर सवार चक दादर, थाना मिल एरिया निवासी कुलदीप कुमार पुत्र बिंदेश गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मृतक राम सजीवन अपने घर मूसहा वापस जा रहे थे, जबकि घायल कुलदीप कुमार भैया दूज का त्योहार मनाने अपनी बहन के घर जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। घटना की सूचना मिलने पर अमावा चौकी इंचार्ज शैलेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

# डॉक्टर की जगह वार्डब्वॉय करते रहे इलाज, मरीज की मौत

**प्रयागराज में अस्पताल संचालक पर आरोप, मौत की बात तक छिपाए रखी, एफआईआर**

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज, दीपावली के दौरान इलाज में लापरवाही बरतने के आरोप में निजी हॉस्पिटल के संचालक डॉ. ज्योति भूषण के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि डॉक्टर ने मरीज को उचित इलाज नहीं दिया, नौ दिन में चार लाख रुपए वसूले, और मरीज की मौत की बात छिपाई। मामला जार्जटाउन थाने में दर्ज हुआ है। ग्राम चंद्रापुर, थाना फाफामऊ निवासी शंकर शरण त्रिपाठी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पत्नी 45 साल की नीलम त्रिपाठी पाइल्स की बीमारी से पीड़ित थीं। 10 अक्टूबर को उन्होंने उन्हें जार्जटाउन के एक हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि, डॉ. ज्योति भूषण ने भर्ती तो कर लिया लेकिन न खुद इलाज किया और न ही कोई योग्य डॉक्टर मौजूद कराया। इस दौरान उनसे लगभग 2.5 लाख की दवाएं खरीदवाई गईं। पति का यह भी आरोप है कि दीपावली की वजह से हॉस्पिटल में डॉक्टर और योग्य स्टाफ मौजूद नहीं थे। सिर्फ वार्ड बॉय और स्वीपर ही मरीजों को संभाल रहे थे। डॉ. ज्योति भूषण अस्पताल में मौजूद नहीं थे और न ही उन्होंने मरीज को किसी बड़े अस्पताल में रेफर किया। तहरीर में कहा गया है कि पहले डॉक्टर ने पाइल्स का ऑपरेशन बताया, लेकिन बाद में कहा कि ट्यूमर का ऑपरेशन किया गया है। ऑपरेशन के बाद मरीज की हालत लगातार बिगड़ती रही, मगर डॉक्टर देखने तक नहीं आए। आरोप है कि 19 अक्टूबर की रात ही पत्नी की मौत हो गई थी, लेकिन हॉस्पिटल स्टाफ परिजनों से यह बात छिपाता रहा और बताया गया कि मरीज वेंटिलेटर पर है। पति का आरोप है कि डॉ. ज्योति भूषण ने धमकाकर चार लाख रुपये वसूले, लेकिन मेरी पत्नी की जान नहीं बचा सके। अगर समय रहते सही इलाज या रेफर किया होता तो शायद वो बच जातीं।

# अवैध खनन के लिए मांगे 6 हजार, दरोगा निलंबित

**प्रयागराज के नवाबगंज थाने का मामला, ऑडियो वायरल**

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज, अवैध खनन के लिए पैसे मांगने का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस पर हल्का प्रभारी वीरेंद्र सिंह को निलंबित कर दिया गया है। वायरल ऑडियो में कथित तौर पर एक जेसीबी चालक और दरोगा के बीच बातचीत सुनाई पड़ रही है। इसमें दरोगा 6 हजार रुपये रोजाना देने की मांग करता हुआ सुना जा सकता है। ऑडियो में एक व्यक्ति थानेदार और अंबुज नाम के दरोगा का जिक्र करते हुए खनन के एवज में छह हजार रुपये प्रतिदिन की मांग करता है। जब सामने वाला व्यक्ति इतनी रकम देने में असमर्थता जताता है, तो वह बताता है कि उसने खुद प्रभारी से कहा था कि यह बहुत ज्यादा है और ज्यादा से ज्यादा तीन हजार रुपये ही कोई दे पाएगा। ऑडियो वायरल होने के बाद पुलिस अफसरों ने मामले का संज्ञान लिया। प्रारंभिक जांच के बाद डीसीपी गंगानगर




कुलदीप सिंह गुनावत ने हल्का प्रभारी वीरेंद्र सिंह को निलंबित कर दिया। डीसीपी ने बताया कि प्रथमदृष्टया जो तथ्य सामने आए हैं, उसके आधार पर कार्रवाई की गई है। डीसीपी ने बताया कि फिलहाल इस मामले में कोई शिकायतकर्ता सामने नहीं आया है। पुलिस की ओर से वायरल ऑडियो की फॉरेंसिक जांच कराई जाएगी। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि सोशल मीडिया पर यह ऑडियो वायरल करने वाला व्यक्ति कौन है ताकि विस्तृत पूछताछ की जा सके।

# पुलिस ने एक महीने में 137 मोबाइल किए बरामद

**40 लाख है कीमत, चोरी, लूट और स्नैचिंग के फोन शामिल**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद , ट्रांस हिण्डन जोन पुलिस और सर्विलांस टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने अलग-अलग कम्पनियों के कुल 137 मोबाइल फोन बरामद कर उनके असली मालिकों को लौटा दिए हैं। इन मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 40 लाख रुपये बताई जा रही है। सीईआईआर (सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर) पोर्टल पर मोबाइल चोरी, लूट, स्नेचिंग और गुमशुदगी की शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीमों ने यह कामयाबी हासिल की। सर्विलांस टीम ने साक्ष्यों और मैनुअल इनपुट की मदद से देश के अलग अलग राज्यों जैसे हरियाणा, बिहार, दिल्ली-एनसीआर आदि से मोबाइल फोन बरामद किए। थाना इंदिरापुरम से 18, थाना कौशांबी से 32, थाना खोड़ा से 18, थाना साहिबाबाद से 12, थाना लिंक रोड से 17, थाना शालीमार गार्डन से 28, थाना टीलामोड़ से 12, बरामद मोबाइलों में 128 गुमशुदगी, 5 चोरी, और 4 लूट/स्नेचिंग के मोबाइल शामिल हैं। ट्रांस हिण्डन जोन पुलिस की इस कार्रवाई से पीड़ित नागरिकों के चेहरों पर खुशी लौट आई है। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी ताकि लोगों को उनकी कीमती मोबाइल वापस मिल सकें और अपराध पर अंकुश लगाया जा सके।

# कार की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की मौत

**पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा, आरोपी चालक फरार**

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, खुर्जा में एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। मृतक की पहचान खुर्जा के इस्लामाबाद गांव की हिना कॉलोनी निवासी 50 वर्षीय निजाम पुत्र समसुद्दीन के रूप में हुई है। निजाम ई-रिक्शा चलाता था। देर शाम वह मूंडाखेड़ा चौराहे से रोडवेज बस स्टैंड की ओर जा रहा था। जीटी रोड पर कबूतर वाली पैंठ के पास एक तेज रफ्तार कार ने उसके ई-रिक्शा को सामने से टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के तुरंत बाद आरोपी कार चालक अपनी गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल निजाम को सरकारी



अस्पताल ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को अपने कब्जे में ले लिया है। कोतवाली प्रभारी पंकज राय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और फरार चालक की तलाश की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि शिकायत मिलने पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाएगा। मृतक निजाम अपने परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था।

# मिशन शक्ति टीम ने छात्राओं को किया जागरूक

**नारी सुरक्षा और सशक्तिकरण पर दिया जोर, लोग रहे उपस्थित**

अमन लेखनी समाचार



बागपत, जनपद में मिशन शक्ति फेज-05 अभियान के तहत महिला थाना बागपत की मिशन शक्ति टीम ने एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान, मिशन शक्ति टीम ने विभिन्न शिक्षण संस्थानों का दौरा किया और छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान की विस्तृत जानकारी दी। टीम ने बताया कि महिला थाने में एक विशेष केंद्र स्थापित किया गया है, जहाँ महिलाओं से संबंधित समस्याओं का समाधान पूरी गोपनीयता और संवेदनशीलता के साथ किया जाता है। छात्राओं को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090 (महिला हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) और 181 (महिला हेल्पलाइन) के बारे में सूचित किया गया। उन्हें साइबर क्राइम, ईव टीजिंग, घरेलू हिंसा और सामाजिक उत्पीड़न से बचाव के उपायों की भी जानकारी दी गई, ताकि वे आपात स्थिति में त्वरित सहायता प्राप्त कर सकें। इसके अतिरिक्त, छात्राओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से स्कूल और कॉलेज परिसरों में सघन चेकिंग अभियान भी चलाया गया। इस अवसर पर, मिशन शक्ति टीम ने छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने, आत्मविश्वासी बनने और किसी भी समस्या का सामना करने पर चुप न रहकर उचित माध्यम से शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया।

# महिला ने सिक्योरिटी गार्ड को पीटा

**प्रेसिथम सोसाइटी का मामला, वीडियो सामने आते ही केस दर्ज**

अमन लेखनी समाचार



ग्रेटर नोएडा, प्रेसिथम सोसायटी में एक महिला द्वारा सिक्योरिटी गार्ड से मारपीट करने का मामला सामने आया है। यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है और सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। पीड़ित सिक्योरिटी गार्ड राजकुमार यादव ने आरोपी महिला अंजू शर्मा के खिलाफ दनकौर कोतवाली में रात शिकायत दर्ज कराई है। उत्तर प्रदेश के गाजीपुर निवासी राजकुमार यादव एक सिक्योरिटी एजेंसी में कार्यरत हैं। पिछले लगभग एक महीने से उनकी ड्यूटी यमुना प्राधिकरण के सेक्टर 25 स्थित प्रेसिथम सोसाइटी के टावर-7 में लगी हुई है। उन्होंने बताया कि शाम को ड्यूटी के दौरान सोसायटी निवासी अंजू शर्मा वहां पहुंची और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। महिला ने गार्ड को पीटते हुए सोसायटी से बाहर तक घसीटा। आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव किया, लेकिन आरोपी महिला ने उनके साथ भी अभद्रता की। पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। पुलिस ने की कार्रवाई राजकुमार यादव ने घटना के बाद सोसाइटी के अन्य लोगों के साथ दनकौर कोतवाली पहुंचकर अंजू शर्मा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# युवक की चाकू से गोदकर हत्या

**करवा फूटने को लेकर विवाद, पिता भी घायल; तीन आरोपियों पर मुकदमा दर्ज**

अमन लेखनी समाचार



बागपत, रमाला थाना क्षेत्र के किरठल गांव में करवा फूटने की मामूली बात को लेकर बड़ा विवाद हो गया। यह विवाद इतना बढ़ गया कि दो पक्षों के बीच कहासुनी मारपीट में बदल गई और देखते ही देखते खूनखराबा हो गया। इस झगड़े में अनिकेत (20) की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई, जबकि उसके पिता भी गंभीर रूप से घायल हो गए। किरठल गांव में दो परिवारों के बीच करवा फूटने को लेकर कहासुनी हुई थी। शुरू में बात केवल जुबानी बहस तक सीमित थी, लेकिन थोड़ी ही देर में दोनों ओर से लाठी-डंडे चलने लगे। स्थिति तब और बिगड़ गई जब आरोपी पक्ष के तीन युवकों ने अनिकेत और उसके पिता पर चाकू से हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले से गांव में अफरा-तफरी मच गई। घायल अवस्था में अनिकेत और उसके पिता को ग्रामीणों ने तुरंत बड़ौत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने अनिकेत को मृत घोषित कर दिया। उसके पिता की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मौत की खबर फैलते ही गांव में तनाव फैल गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। घटना की सूचना पर रमाला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। एहतियात के तौर पर गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने मौके का मुआयना किया और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। मृतक के परिजनों का आरोप है कि आरोपी पक्ष के युवक पहले से ही विवाद करने की नीयत रखते थे और कई बार धमकी दे चुके थे। उन्होंने कहा कि करवा फूटने की मामूली बात पर भी आरोपियों ने जानबूझकर हमला किया और बेटे को बेरहमी से मार डाला। परिजनों ने तीन लोगों को नामजद करते हुए हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की। तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज थानाध्यक्ष रमाला ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर भेजी गई थी। उन्होंने कहा, मृतक के पिता के बयान के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# नाबालिग लड़की को बीमारी के बहाने भगा ले गया युवक

**पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की**

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, एक 15 वर्षीय नाबालिग लड़की को बीमारी के इलाज के बहाने युवक भगा ले गया। आरोप है कि एक युवक ने लड़की की मां से दोस्ती कर इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। चौक कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली यह लड़की पिछले एक साल से बीमार थी। उसकी मां उसे रूहानी इलाज के लिए एक मजार पर लेकर आती थी। यहीं पर उसकी मुलाकात आमिर उर्फ कल्लू नामक युवक से हुई, जिससे उनकी जान-पहचान बढ़ गई। पीड़िता की मां के अनुसार, आमिर ने उन्हें बताया कि वह एक अच्छे इलाज करने वाले व्यक्ति को जानता है, जो अजमेर में है और उसके आने पर वह इलाज करा देगा। 15 अक्टूबर को जब मां अपनी बेटी को लेकर मजार पर गई, तो उसने बेटी को आमिर के पास छोड़कर शौचालय गई। वापस लौटने पर बेटी और आमिर दोनों वहां नहीं मिले। इसके बाद पीड़िता ने अपने पति और बेटे के साथ मिलकर बेटी की तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। वे आमिर के घर गए और शिकायत दर्ज कराने की धमकी दी। आरोप है कि आमिर के दोनों भाइयों ने पीड़िता के पति और बेटे के साथ मारपीट की और उन्हें भगा दिया, यह कहते हुए कि आमिर और लड़की अब कभी नहीं मिलेंगे।

# ठगी के आरोप में लोको पायलट का भाई गिरफ्तार

**बंगाल में साढ़े तीन करोड़ की ठगी की, बंगाल और शाहजहांपुर पुलिस ने की कार्रवाई**

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर, पश्चिम बंगाल पुलिस ने स्थानीय रोजा पुलिस के सहयोग से डिजिटल अरेस्ट धोखाधड़ी के दो आरोपियों को हिरासत में लिया है। पकड़े गए आरोपियों में एक लोको पायलट का भाई अभिषेक उर्फ सम्राट सिंह और उसका भांजा शामिल है। इन पर पश्चिम बंगाल के एक वरिष्ठ नागरिक से साढ़े तीन करोड़ रुपये से अधिक की ठगी करने का आरोप है। दरअसल, पश्चिम बंगाल के स्टील अथॉरिटी के एक सेवानिवृत्त अधिकारी ने वहां डिजिटल अरेस्ट की शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने उन्हें लगभग तीन दिनों तक डरा-धमकाकर 'डिजिटल अरेस्ट' किया और इस दौरान उनसे साढ़े तीन करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की। एफआईआर दर्ज होने के बाद पश्चिम बंगाल पुलिस ने आरोपियों की लोकेशन ट्रेस करना शुरू किया। उनकी



लोकेशन शाहजहांपुर के रोजा थाना क्षेत्र की गोविंद नगर कॉलोनी में मिली। जांच में पता चला कि आरोपी अभिषेक उर्फ सम्राट का भाई लोको पायलट है और उसका भांजा भी इस ठगी में शामिल था। बीती रात पश्चिम बंगाल पुलिस ने रोजा पुलिस के साथ मिलकर लोको पायलट के मकान की घेराबंदी की। जैसे ही आरोपी घर से बाहर निकले, पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। दोनों को थाने लाकर पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि आरोपी बड़े पैमाने पर डिजिटल अरेस्ट धोखाधड़ी को अंजाम दे रहे थे। अलग अलग में भी उन्होंने इसी तरह की ठगी की वारदातों को अंजाम दिया है। इस बीच, लोको पायलट ने बताया कि उसने अपने भांजे को मकान में कुत्ते की देखभाल के लिए रखा था और उसे उनके आपराधिक गतिविधियों की कोई जानकारी नहीं थी। पुलिस उसके भाई और भांजे को पकड़कर ले गई है। रोजा थाना प्रभारी राजीव कुमार ने पुष्टि की कि पश्चिम बंगाल और रोजा पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट करने वाले आरोपियों को हिरासत में लिया है।

# एसपी ने बुजुर्गों संग मनाई दीपावली

**आश्रम में भोजन परोसा, कंबल बांटे; कहा–बुजुर्ग समाज की पूंजी**

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर, पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने विनोबा सेवा आश्रम में बुजुर्गों के साथ दीपावली का पर्व मनाया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं बुजुर्गों को भोजन परोसा और कंबल वितरित किए। इस दौरान अन्य पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे। एसपी राजेश द्विवेदी और एसपी ग्रामीण दीक्षा भवरे ने आश्रम में बुजुर्गों से मुलाकात की और उनके साथ खुशियाँ साझा कीं। अधिकारियों द्वारा भोजन परोसते देख कई बुजुर्ग भावुक हो गए। उन्होंने बताया कि अधिकारियों के उनके बीच आकर त्योहार मनाने से उनका अकेलापन दूर होता है। विनोबा सेवा आश्रम बेसहारा बुजुर्गों को आश्रय प्रदान करता है, जहाँ उनके भोजन और कपड़ों की व्यवस्था की जाती है। आश्रम में ऐसे बुजुर्ग भी रहते हैं जिनके परिवार हैं लेकिन घरेलू कलह के कारण वे यहाँ आए हैं, जबकि कुछ ऐसे भी हैं जिन्हें उनके परिवारों ने छोड़ दिया है। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने कहा कि बुजुर्ग हमारे समाज की पूँजी और प्रेरणा हैं। उनके साथ दीपावली मनाना पुलिस परिवार के लिए सौभाग्य की बात है। अपर पुलिस अधीक्षक दीक्षा भवरे ने बताया कि मिशन शक्ति केवल महिला सशक्तिकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज के हर वर्ग के प्रति सम्मान, संवेदना और सहयोग की भावना को सशक्त बनाता है। उन्होंने



जोर दिया कि पुलिस कानून-व्यवस्था की संरक्षक होने के साथ-साथ समाज की संवेदना और सेवा का प्रतीक भी है।

# पाप और पुण्य का लेखा जोखा चित्रगुप्त भगवान ही करते हैं

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जनपद में कायस्थ समाज के लोगों ने भगवान चित्रगुप्त जी की जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया। अमेठी के रामलीला मैदान में प्रदीप चित्रगुप्त कायस्थ महासभा के तत्वावधान में प्रदीप कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट के अध्यक्षता में पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी कायस्थ समाज के लोग सम्मिलित होकर भगवान चित्रगुप्त का विधि पूजा अर्चन करके सामूहिक पूजन अर्चन किया गया और प्रदीप चित्रगुप्त महासभा अमेठी के अध्यक्ष ने कहा कि हम सभी कायस्थ भगवान चित्रगुप्त के ही वंशज है। पाप और पुण्य का लेखा जोखा चित्रगुप्त भगवान ही करते है। आज हमारा शैक्षिक समाज उपेक्षा शिकार होता चला आ रहा है। हमारे समाज के बहुत से प्रतिभाशाली लोग हर क्षेत्र में अपना प्रभुत्व शैक्षिक आधार पर कायम किया है। जब देश आजाद हुआ तब समाज के ही राष्ट्रपति डॉ० राजेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ० सम्पूर्णानन्द सक्सेना बिहार के मुख्य राधाकृष्णा सक्सेना और देश को आजादी दिलाये जाने में सर्वप्रथम अहम भूमिका सुभाष चन्द्र बोस जी का अध्यात्मिक क्षेत्र में स्वामी विवेकानन्द और स्वामी महेश योगी जिन्होने हॉलेन्ड में राम जानकी का स्वर्ण सिक्का चलाया। आज 100 प्रतिशत साक्षर समाज वर्तमान राजनीति में उपेक्षा का शिकार हो रहा है। अपने बलबूते और माध्यम से अपना जीवकोपार्जन कर रहा है। अब समय आ गया है कि संख्या ताकत दिखाने का हमारे समाज में 90 प्रतिशत करीब कमजोर बेसहारा लोग जिन्दगी जीकर और रोज कमाकर अपना जीवन व्यतीत कर रहा है। ऐसी दुर्दशा अन्य किसी समाज की नहीं है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संपादक संतोष श्रीवास्तव ने कहा कि कायस्थ समाज सदैव समाज को एक नई दिशा देने का कार्य किया।

# जिला कारागार में भाई बहनों ने धूमधाम से मनाया भैया दूज

अमन लेखनी समाचार

**भाइयों को देख बहनों की आंखें हुई नम**

**बंदियों वा सभी बहनों ने जेल की व्यवस्थाओं की तारीख**



मथुरा। ज़िला कारागार में भाई-बहन का त्योहार भाई दूज बड़े धूम-धाम से मनाया गया। कारागार के बाहर मुलाकात के लिए आयी बहनों एवं माताओं को गर्मी से बचाव हेतु कारागार द्वारा टेन्ट लगवाकर छाया करवायी गयी। उक्त अवसर पर उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के पदाधिकारियों के द्वारा कारागार के बाहर मुलाकात के लिए आने वाली महिलाओं के पीने हेतु शीतल जल का काउन्टर लगवाया गया। उनके द्वारा सभी के लिए एक-एक पैकट पारले बिस्कुट एवं बच्चों के लिए चॉकलेट की व्यवस्था करायी गयी। कारागार प्रशासन द्वारा कारागार के अन्दर मुलाकात की व्यवस्था हेतु एक बड़े स्थान में टेन्ट लगवाया गया जिसमें रेड कारपेट बिछाया गया। मुलाकात स्थल पर आर.ओ.शीतल जल का प्रबन्ध कराया गया। मुलाकाती की सुविधा के लिए जगह-जगह रोली व चावल रखवाये गये। मुलाकात व्यवस्था के सुचारू संचालन एवम् सुरक्षा हेतु पुलिस प्रशासन का भी सहयोग लिया गया है. मुलाकात प्रतीक्षालय से लेकर कारागार के गेट तक बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष कांस्टेबल तथा पुलिस उपनिरीक्षक तैनात रहे। इस अवसर पर बाहर से 1561 महिला एवं 648 बच्चे इस प्रकार कुल 2209 परिजन अपने कुल 848 बंदियों से मुलाकात हेतु कारागार पर आये। 10 पुरूष भी बाहर से कारागार में निरूद्ध अपनी बहनो से टीका करवाने कारागार पर आये उनकी मुलाकात भी करायी गयी। उक्त के अतिरिक्त 02 बहन जिनके भाई जिला कारागार मथुरा में ही निरुद्ध थे उनकी भी मुलाकात कराकर टीका करवाया गया। भाई दूज का त्योहार सकुशल कारागार में संम्पन्न हुआ। अवसर पर कारागार अधिकारी जेल अधीक्षक अंशुमन गर्ग, चिकित्साधिकारी डा0 उपेन्द्र पाल सिंह सोलंकी व डाङ्ग उत्पल सरकार कारापाल सुरेंद्र मोहन सिंह, उपकारापाल सुश्री करूणेश कुमारी, रवीन्द्र कुमार, श्री दुर्गेश प्रताप सिंह व उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोधक समिति के आगरा मंडल सचिव सचिव कपिल देव शर्मा, अचल तिवारी, मुकुल शर्मा, महेश शर्मा, लोकेश अग्रवाल, योगेश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# जेआरएफ में देश में दूसरा स्थान पाने वाली बेटी हुई सम्मानित



**वर्णिता संस्था ने कस्बे के तीन युवाओं को दिया प्रशस्ति पत्र**

**वणिता संस्थान ने तीन लोगों का किया सम्मान**

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। वर्णिता संस्था ने कस्बे के तीन होनहार युवाओं को सम्मानित किया।संस्था भूले बिसरे क्रांतिकारियों की जयंती एवं पुण्यतिथि मनाकर उन्हें याद करके श्रद्धांजलि देने का काम करती है। इसके साथ संस्था मेधावियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन करने का काम करती है। गुरुवार को संस्था के अध्यक्ष डॉ.भवानीदीन ने पीसीएस परीक्षा में सफलता पाकर पूर्ति निरीक्षक के पद पर नियुक्ति पाने राजीव लोचन, वीर भानु सिंह को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं जेआरएफ परीक्षा में देश में दूसरा स्थान पाने वाली प्रगतिशील किसान राधेश्याम तिवारी की पुत्री लक्ष्मी तिवारी को कस्बे का नाम रोशन करने पर वर्णिता संस्था के अध्यक्ष ने स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# क्रांतिकारी नलिनी सेन की मनाई पुण्यतिथि

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। वर्णिता संस्था के तत्वावधान में क्रांति नेत्री नलिनी सेन गुप्त की पुण्यतिथि मनाई गई। संस्था के अध्यक्ष डॉ.भवानीदीन ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि नलिनी सेन गुप्त ने अपने जीवन के लगभग छः दशकों तक भारत की सेवा की। गांधी जी के असहयोग आंदोलन में प्रभावी भूमिका निभाई। नलिनी सेन गुप्त सही अर्थों में एक राष्ट्रपरायणा वीर महिला थी। आजादी के बाद भी यह अल्पसंख्यक, गरीब एवं असहाय लोगों की मदद करती रहीं। इनका जन्म भले ही ब्रिटेन में हुआ हो, किन्तु वह भारत के लिए काम करती रही। 1933 में कांग्रेस की अध्यक्षा भी रहीं। दो बार बंगाल विधानसभा की सदस्या रही। इन्हें 1973 में पद्मविभूषण से नवाजा गया। कालांतर में इनका 23 अक्टूबर 1973 को निधन हो गया। कार्यक्रम में सिद्धा, प्रेम, सागर, प्रिन्स, रिचा, भोलू सिंह, महावीर प्रजापति, महावीर प्रजापति जे ई, विकास, रामनारायन सोनकर, रामबाबू, सतेन्द्र, राहुल प्रजापति आदि शामिल रहे।

# श्री माथुर चतुर्वेद परिषद ने लगाया खोया पाया कैंप



अमन लेखनी समाचार

मथुरा। श्री माथुर चतुर्वेद परिषद के महामंत्री राकेश तिवारी एडवोकेट ने बताया की परिषद के द्वारा पूर्व में ही ज्ञापन देकर सभी व्यवस्थाओं को सुधार करने की मांग की जाती है व्यवस्थाएं हुई लेकिन कुछ अच्छी रही कुछ बुरी रही उसके बावजूद बहुत ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं में आकर इस पर्व को मनाया और परिषद के खोया पाया केंद्र में लगभग 70 से 75 लोगों को आपस में अपने बिछुड़े हुए लोगों से मिलाया गया और परिषद के सभी कार्यकर्ता युवा समिति के पदाधिकारी लोगों को आपस में मिलवाने के लिए उनकी व्यवस्था करने में लगे रहे इस अवसर पर परिषद के पदाधिकारी उपाध्यक्ष संजय एल्पाइन पूर्व उपाध्यक्ष मनोज पाठक असर एग्रो कमल चतुर्वेदी नीरज चतुर्वेदी अमित चतुर्वेदी मंत्री अनिल चतुर्वेदी पमपम अनुज पाठक श्याम मोनू आनंद चतुर्वेदी गोपाल चतुर्वेदी एडवोकेट के अलावा युवा समिति के श्री माथुर चतुर्वेद परिषद् युवा समिति गोपाल चतुर्वेदी निव्रव चतुर्वेदी अभय चतुर्वेदी रामकृष्ण चतुर्वेदी अनमोल चतुर्वेदी सौरव चतुर्वेदी प्रद्युम्न चतुर्वेदी शुभ चतुर्वेदी तिलक पाठक सूरज चतुर्वेदी शुभम चतुर्वेदी आदि सभी पदाधिकारी एवं सहयोगी मौजूद रहे।

# भाई दौज पर भाई बहनों ने यमुना जी में लगाई आस्था की डुबकी

अमन लेखनी समाचार

**लाखों की संख्या में श्रद्धालु करेंगे विश्राम घाट पर स्नान**

**भाई दौज पर बहिन को दिया था यम फांस मुक्ति का वरदान**

मथुरा /यम द्वितीया यानी भैया दूज के दिन मथुरा स्थित यमुना जी के किनारे विश्राम घाट पर सभी बहिनें रोली और अक्षत से अपने भाई को मंगल टीका करती है और उसकी उज्जवल भविष्य की कामना करती है। यह पर्व यम द्वितीया कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की द्वितीया को मनाया जाता है इस पर पर कार्तिक सुदी ध्वज को मथुरा के विश्राम घाट पर भाई-बहन हाथ पकड़ कर एक दूसरे के साथ स्नान करते हैं। ऐसी मान्यता है कि आज के दिन जो भाई बहन यमुना में स्नान करते हैं उनका यमराज कुछ भी नहीं बिगाड़ सकते हैं। मान्यता के अनुसार सूर्य देवता की पत्नी संज्ञा देवी के पुत्र यम पुत्री यमुना दो संतान थी यमुना अपने भाई यम से बहुत प्यार करती थीं और बार-बार अपने भाई यमराज को अपने घर पर भोजन करने का आग्रह करती थी। लेकिन यमराज व्यवस्था के कारण अपनी बहन के घर नहीं आ पाते एक दिन यमराज ने अपनी बहन यमुना से मिलने की ठान ली और उन्हें खोजने के लिए निकल पड़े अंत में यमराज को बहिन यमुना मथुरा के विश्राम घाट पर मिली एक दूसरे को पकड़ भाई-बहन बहुत खुश हुए और यमुना अपने भाई यमराज को घर ले गई और नाना प्रकार के व्यंजन बनाकर भाई यमराज को भोजन कराया। भाई हेमराज बहुत प्रसन्न हुए और उन्होंने बहन यमुना से वर मांगने को कहा यमुना ने अपने भाई यमराज से वर मांगा की भाई यम द्वितीया पर जो भी भाई-बहन एक साथ मिलकर यमुना में स्नान करें उसे यमलोक न जाना पड़े। यमराज जी ने बहन यमुना को वचन देते हुए कहा कि जो भी भाई-बहन यम द्वितीया भाई दौज यमुना स्नान करेंगे वह मेरी यम फांस से मुक्त रहेंगे। आज वही पर्व मथुरा के विश्राम घाट पर बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया जहां पर भाई बहन एक साथ मिलकर यमुना जी में स्नान किया और बहन ने भाई को मंगल टिक कर अपने भाई की लंबी आयु की कामना की। भाई बहन के इस पावर पर पर हजारों की संख्या में देश के कोने-कोने से श्रद्धालु तीर्थ स्थल विश्राम घाट पर पहुंचे और विधि विधान से पूजा कर यमराज और यमुना जी के मंदिर में जाकर दर्शन किए। इस पर्व को लेकर जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए पर्व को सकुशल बनाने के दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा नगर निगम, जलकल विभाग और स्वास्थ्य विभाग की टीमों को विभिन्न बिंदुओं पर तैनात किया गया है। स्नान के दौरान कोई अप्रिय घटना से बचाव के लिए गोताखोरों और जल पुलिस को भी तैनात किया गया है। श्रद्धालुओं से प्रशासन ने नियमों का पालन करते हुए शांतिपूर्वक स्नान करने की अपील की।

# बच्चों के विवाद में महिला को कुल्हाड़ी लगने से हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



मथुरा। शेरगढ़ थाना क्षेत्र के जंघावली गांव में कल शाम बच्चों के बीच हुए विवाद की शिकायत करने पहुंची महिला की कुल्हाड़ी प्रहार से नामजद पड़ौसियों ने हत्या कर दी। जिससे आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गयी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। मृतका का शव पोस्टमार्टम को भेजा है। मिली जानकारी के अनुसार जंघावली गांव में रहने वाले जुबैर की पत्नी शमीना (37) वर्ष कल शाम लगभग 5 बजे अपने और पड़ौसियों के बच्चों में हुए विवाद की शिकायत करने पड़ौसी हाजिमउद्दीन के घर गई थी। जहां हाजिमउद्दीन और उसके परिवार के सदस्यों ने पहले तो उसके सिर पर लाठियों से प्रहार किया और बाद में गर्दन पर कुल्हाड़ी मारकर उसकी हत्या कर दी। जिससे लहुलुहान होकर वह मौके पर गिर पड़ी। घटना से आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद आसपास के लोगों से घटना के बारे में पूछताछ की। बताया गया कि हाजिमउद्दीन अयूब, साबिर, रिजवान, मुजाहिद, शाहून आदि इस घटना में शामिल थे, जिनकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। बच्चों के विवाद में हुई इस घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैली है। इस संबंध में इंस्पेक्टर शेरगढ़ का कहना है कि पति की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ हत्या का अपराध पंजीकृत कर दो लोगों को हिरासत में ले लिया गया है। अन्य की तलाश में पुलिस की टीम लगी हुई है।

# तेज रफ्तार कार ने रौंदा ट्रक चालक, दो हिस्सों में बंटा धड़

अमन लेखनी समाचार



मथुरा। राया हाथरस रोड़ पर गांव बिरहना के पास बीतीरात सड़क पार करते ट्रक चालक को तेज रफ्तार कार काफी दूरी तक घसीटती ले गई, जिससे उसका शरीर दो भागों में बंट गया। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मिली जानकारी के अनुसार राया थाना क्षेत्र अन्तर्गत इटौरा गांव निवासी यादवेन्द्र उर्फ टीटू (38) पुत्र फूल सिंह कल अलीगढ़ से मथुरा की ओर अपना ट्रक लेकर आ रहा था और रात्रि में लगभग 8 बजे अपने ट्रक को सड़क किनारे खड़ा कर घर चला गया, बताते हैं कि जब वह रात्रि में लगभग 9 बजे घर से लौटने के लिए पीके

इंस्टीट्यूट के सामने सड़क पार कर रहा था तभी अलीगढ़ की ओर से आती तेज रफ्तार ब्रिजा गाड़ी ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। वह गाड़ी के निचले हिस्से में फंस गया, जिसे कार काफी दूर तक घसीटकर ले गई। बाद में लोगों के शोर करने पर इसे रोका गया, लेकिन तब तक यादवेन्द्र उर्फ टीटू का शरीर दो भागों में बंट चुका था। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है। घटना की सूचना मिलते ही मृतक ट्रक चालक के परिवार में कोहराम मच गया।

# डीजी ईएमई ने आगरा की 509 आर्मी बेस वर्कशॉप का दौरा किया

अमन लेखनी समाचार



मथुरा। लेफ्टिनेंट जनरल राजीव के. साहनी, डीजी ईएमई एवं कर्नल कमांडेंट ने कमांडर बीडब्ल्यूजी के साथ 17 अक्टूबर 2025 को इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी समावेशन हेतु भविष्य की रूपरेखा की समीक्षा हेतु आगरा की 509 आर्मी बेस वर्कशॉप का दौरा किया। प्रत्येक आर्मी बेस वर्कशॉप भारतीय सेना का एक अनोखा कारखाना है जो पुनर्पूंजीकरण और उन्नयन के माध्यम से हथियार प्रणाली/उपकरण प्लेटफॉर्म की मिशन तत्परता सुनिश्चित करता है। 509 आर्मी बेस वर्कशॉप ऐसी ही एक वर्कशॉप है जो भारतीय सेना के लिए ऑप्टो इलेक्ट्रॉनिक्स का उत्कृष्टता केंद्र है और विभिन्न ऑप्टिकल साइट्स, रडार और दूरसंचार उपकरणों को संभालती है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य इंडस्ट्री 5.0 मानकों के अनुरूप सर्वोत्तम व्यावसायिक प्रथाओं को शामिल करते हुए और महत्वपूर्ण चुनौतियों का समाधान करते हुए 509 आर्मी बेस वर्कशॉप की उत्पादन क्षमता को बढ़ाना था। उद्योग नवाचारों को तार्किक निष्कर्ष तक पहुँचाने हेतु प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अद्यतन बने रहने हेतु उत्पादन गतिविधियों को निरंतर बढ़ाने की आवश्यकता को समझना। 509 ABW ने निम्नलिखित को शामिल करते हुए महत्वपूर्ण, अत्याधुनिक क्षेत्रों की एक विस्तृत श्रृंखला पर केंद्रित प्रयास किए हैं।

1. 500 MW क्रायोकूलर का निर्माण जिसमें उच्च परिशुद्धता एकीकरण और परीक्षण शामिल है। यह क्रायोकूलर किसी भी थर्मल इमेजर की एक अत्यंत महत्वपूर्ण उप-संयोजन है और इसके निर्माण से चार प्रकार के थर्मल इमेजरों का स्थायित्व बढ़ेगा।

2. मानवरहित हवाई प्रणाली का विनिर्माण। यह प्रणाली दिशात्मक जैमिंग और पता लगाने के लिए उपलब्ध होगी।

3. नवीन मरम्मत और उच्च स्तर के कौशल का उपयोग करके परिचालन की दृष्टि से महत्वपूर्ण हथियार पता लगाने वाले रडारों का स्थायित्व।

4. निष्क्रिय रात्रि स्थलों और शीतलित थर्मल इमेजरों का शीतलित थर्मल इमेजिंग स्थलों में उन्नयन।

5. नवीनतम परीक्षण सुविधाओं के साथ जटिल नई पीढ़ी के उपकरणों के निर्माण हेतु अत्याधुनिक दूरसंचार मरम्मत सुविधा की स्थापना।

509 ABW, आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य के साथ तालमेल बिठाते हुए, भारतीय सेना की परिचालन तैयारियों को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रौद्योगिकी परिवर्तन के इस दशक में ये महत्वपूर्ण पहल न केवल भारतीय सेना की स्वदेशी विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाएँगी, बल्कि आयात पर निर्भरता भी कम करेंगी और रक्षा उत्पादन में लागत में उल्लेखनीय बचत लाएँगी।

# भैया दूज पर महिलाओं ने की पूजा

## बहनों ने भाइयों की लंबी आयु की कामना की

अमन लेखनी समाचार

अमेठी देशभर में भैया दूज का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और जीवन में कष्टों से मुक्ति की कामना करते हुए विशेष पूजा-अर्चना की। यह पर्व भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का प्रतीक है।परंपरा के अनुसार, बहनों ने अपने घरों में चौक सजाकर विधि-विधान से पूजा संपन्न की। पूजा के लिए आटे के घोल से चौक तैयार किया गया। इस दौरान भटकटैया, लटजीरा और बेर के पौधों के साथ मूसल की भी पूजा की जाती है मान्यता है कि इन पौधों में मौजूद कांटे जीवन में आने वाले कष्टों और बाधाओं का प्रतीक होते हैं। बहनें इन कांटों की पूजा कर भाइयों के जीवन से सभी दुखों को दूर करने की प्रार्थना करती हैं। यह प्राचीन परंपरा सदियों से चली आ रही है।इस पर्व की एक अनूठी परंपरा के तहत, कई बहनें पूजा



के दौरान इन कांटों को अपनी जीभ पर रखकर व्रत का पालन करती हैं। यह क्रिया भाइयों के प्रति उनके गहरे प्रेम, त्याग और उनके कष्टों को स्वयं पर लेने की भावना को दशार्ती है।

# युवक को घर के बाहर से उठाया

## थाने में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**विरोध करने पर परिजनों की पिटाई**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी के बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के खालीस बाहरपुर गांव में बीती रात एक युवक को उसके घर के बाहर से उठाकर बेरहमी से पीटने का आरोप लगा है। जब युवक के परिजन उसे बचाने पहुंचे, तो हमलावरों ने उनकी भी पिटाई कर दी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।पीड़ित युवक की पहचान अरविंद दुबे पुत्र हरिश्चंद्र दुबे के रूप में हुई है। अरविंद के अनुसार, रात करीब 10 बजे वह अपने घर के बाहर खड़े थे, तभी गांव के राजेंद्र सिंह, अमर बहादुर सिंह, सौरभ सिंह और आदर्श सिंह सहित कुछ अन्य लोग वहां पहुंचे। वे अरविंद को जबरन अपने साथ महारानी स्थान पर ले गए और उसकी जमकर पिटाई की।इसी दौरान किसी ने अरविंद के परिजनों को घटना की जानकारी दी। जब परिजन मौके पर पहुंचे, तो हमलावरों ने उनकी भी पिटाई कर दी। घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए, जिसके बाद सभी आरोपी वहां से भाग निकले। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।पीड़ित अरविंद के चचेरे भाई अनिल दुबे ने थाने में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी अभिनेश कुमार ने बताया कि रात में लड़ाई-झगड़ा हुआ था।

# ब्रजरज उत्सव में झूमेगा ब्रज, गूंजेंगी भक्ति और संस्कृति की स्वर लहरियां

## भगवान श्रीकृष्ण की नगरी में भक्ति और संगीत के संगम में शामिल होंगे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय कलाकार

अमन लेखनी समाचार

मथुरा। भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली पर इस बार ब्रज रज उत्सव में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के ख्यातिप्राप्त कलाकारों की आवाज और कला का जादू बिखरेगा। गीत-संगीत और नृत्य-नाटिकाओं के माध्यम से देश के नामचीन कलाकार भक्ति और संस्कृति का अद्भुत संगम प्रस्तुत करेंगे।

धौली प्याऊ स्थित रेलवे ग्राउंड पर 26 अक्टूबर से शुरू हो रहे ब्रज रज उत्सव में इस वर्ष भक्ति संगीत के साथ ब्रज संस्कृति की झलक भी देखने को मिलेगी। यह आयोजन उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद, पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

उत्सव के मुख्य आकर्षण अतिथि कलाकारों के चयन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इनमें हेमा मालिनी, पुनीत इस्सर, कन्हैया मित्तल, यास्मीन सिंह, रमा वैधनाथन, मिस्सी बासु, स्वप्रिल रास्ते और पद्मश्री मनोज जोशी जैसे प्रसिद्ध नाम शामिल हैं। ये सभी अपनी-अपनी विधा के अनुरूप मुख्य मंच पर शाम 7 बजे से प्रस्तुति देंगे।

ब्रज रज उत्सव का शुभारंभ 26 अक्टूबर को यास्मीन सिंह की नृत्य नाटिका 'द डिवाइन कृष्णा' से होगा, जबकि समापन 5 नवंबर को भव्य कवि सम्मेलन के साथ किया जाएगा। इस सम्मेलन में देशभर के कवि अपनी ओजस्वी और हास्य रचनाओं से श्रोताओं को आनंदित करेंगे तथा वीर रस की कविताओं से देशभक्ति का संदेश देंगे। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के डिप्टी सीईओ सतीश चंद्र ने बताया कि पिछले साल की भांति प्रतिदिन विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जाएगा। प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रहेगा तथा दर्शकों के लिए विशाल पंडाल में बैठने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावा उत्सव में मनोरंजन, खानपान और हस्तशिल्प की स्टॉल भी रहेंगी।

अतिथि कलाकार और उनकी प्रस्तुतियां...

26 अक्टूबरः यास्मीन सिंह – नृत्य नाटिका 'द डिवाइन कृष्णा'

27 अक्टूबरः कन्हैया मित्तल – भजन संध्या

28 अक्टूबरः अभिलिप्सा पांडा डेवोशनल नाइट

29 अक्टूबरः रमा वैधनाथन – नृत्य नाटिका 'अखिलम मधुरम' तथा सुरेश वाडेकर नाइट

30 अक्टूबरः पुनीत इस्सर व सिद्धार्थ इस्सर – महानाट्य 'जय श्रीकृष्णाः गीता सार'

31 अक्टूबरः दूरदर्शन की विशेष प्रस्तुति – एआई क्रिएटेड महाभारत (प्रीमियम शो)

1 नवंबरः मिस्मी वासु – भक्ति संगीत प्रस्तुति

2 नवंबरः स्वप्रिल रास्ते – नृत्य-गायनः हिस्टोरिकल एम्पायर्स ऑफ इंडिया

3 नवंबरः पद्मश्री मनोज जोशी – महानाट्य 'चाणक्य'

4 नवंबरः हेमा मालिनी – नृत्य नाटिका 'यशोदा कृष्ण'

5 नवंबरः समापन दिवस – भव्य कवि सम्मेलन

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।


**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



## एक फ्रेम में साथ नजर आए संजय और जावेद

**मुंबई।** 'बूगी वूगी' शो से प्रसिद्ध हुए नावेद जाफरी ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर संजय दत्त और अपने भाई जावेद के साथ एक खास तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में संजय और जावेद को एक साथ देख कर फैंस को फिल्म 'धमाल' की याद आ गई। तस्वीर में संजय दत्त, जावेद जाफरी और नावेद जाफरी तीनों मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं। नावेद ने इस तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, 'संजू भाई से मिलना हमेशा खुशी देता है। वो बहुत विनम्र और जमीन से जुड़े इंसान हैं। उनकी गर्मजोशी और सादगी कभी नहीं बदलती। उनके साथ बातचीत हंसी और सकारात्मकता से भरी होती है।

लाइफ Style



# जान्हवी
## करण की गंदी बात सुन हुईं हैरान

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड के मशहूर फिल्ममेकर करण जौहर अपने बेबाक अंदाज और मजेदार बातों के लिए जाने जाते हैं। लेकिन, इस बार उन्होंने ऐसा खुलासा किया कि सुनकर वहां मौजूद हर कोई दंग रह गया। हाल ही में करण अभिनेत्री काजोल और ट्विंकल खन्ना के शो 'टू मच' में पहुंचे।


इस दौरान उनके साथ जान्हवी कपूर भी प्राइम वीडियो के शो में गेस्ट के तौर पर पहुंचीं, जहां उन्होंने भी अपनी निजी जीवन से जुड़ी कई बातों का जिक्र किया। शो के दौरान एक मजेदार सेगमेंट 'ट्रूथ और लाए' में ट्विंकल ने करण से कहा कि वो कोई एक स्कैंडलस बात बताएं जो सबको चौंका दे। इस पर जाह्नवी कपूर ने भी उन्हें थोड़ा छेड़ते हुए कहा- 'एक सच और एक झूठ बताओ, हम अंदाजा लगाएंगे क्या सच है।' इसी के जवाब में करण ने कहा, 'मैंने अपनी वर्जिनिटी 26 साल की उम्र में खोई थी और मैं तुम्हारे परिवार के एक सदस्य के साथ इंटिमेट रहा हूं।' जैसे ही करण ने ये कहा जाह्नवी हैरान रह गईं। इसके ठीक बाद करण ने हंसते हुए कहा कि वो मजाक कर रहे हैं। करण ने कहा, 'असल में मैंने 26 साल की उम्र में वर्जिनिटी खोई थी, लेकिन तुम्हारे परिवार के किसी सदस्य के साथ कभी इंटिमेट नहीं रहा। हालांकि, ख्याल ज़रूर आया था कुछ बार।' उनके इस जवाब पर वहां मौजूद सब हंस पड़े, लेकिन जाह्नवी तब भी सोच में ही नजर आईं। इसी बातचीत के दौरान चर्चा पहुंची रिश्तों और शादी में वफादारी के मुद्दे पर। करण जौहर ने इस पर अपना नजरिया रखते हुए कहा, 'मैं नहीं मानता कि फिजिकल इंफिडेलिटी (शारीरिक तौर पर धोखा देना) कोई डील ब्रेकर है।'

हॉलीवुड मसाला



## बीइंग एडी... का ट्रेलर रिलीज

लॉस एंजिल्स। नेटफ्लिक्स ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर डॉक्यूमेंट्री 'बीइंग एडी' का ट्रेलर जारी किया। इस वीडियो पोस्ट के साथ एक कैप्शन भी साझा किया गया है। जिसमें लिखा है, 'वास्तविक और बेबाक।' इस डॉक्यूमेंट्री के जरिए एक्टर एडी मर्फी की पूरी कॅरियर जर्नी को, एचीवमेंट्स को समेटा गया है। 'बीइंग एडी' का प्रीमियर 12 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर होगा। बीइंग एडी डॉक्यूमेंट्री के ट्रेलर में एडी मर्फी के शुरुआती कॅरियर से लेकर अब तक की एक्टिंग जर्नी को दिखाया गया।



## सोहा- सबा ने सैफ के साथ मनाया भाई दूज

**मुंबई।** सैफ अली खान की दोनों बहनों सबा पटौदी और सोहा अली खान ने भाई दूज मनाया। इसके साथ ही सबा ने सोशल मीडिया हैंडल पर सेलिब्रेशन की तस्वीरें भी शेयर कीं। जिसमें करीना कपूर अपने दोनों बेटों जेह और तैमूर के साथ दिखाई दीं। सबा पटौदी और सोहा अली खान ने गुरुवार को अपने भाई सैफ के साथ भाई दूज का जश्न मनाया। इस जश्न में करीना कपूर खान, जहांगीर अली खान पटौदी और तैमूर अली खान पटौदी भी नजर आए। इन तस्वीरों में परिवार का प्यार और भाई-बहन का खूबसूरत रिश्ता नजर आता है। एक तस्वीरों में सबा, सैफ, करीना और परिवार के साथ हंसी-मजाक करते दिखाई दे रहे हैं। एक तस्वीर में वे कमल सदाना के साथ हैं, तो दूसरी में मनोज बाजपेयी और शर्मिला टैगोर के साथ नजर आ रही हैं।



## काश मैं बहनों के और करीब रह पाता

**मुंबई।** भाई-दूज के पावन त्योहार पर जहां हर कोई अपने करीबियों को याद कर रहा है और भाई-बहन की फोटोज शेयर कर रहा है। वहीं, एक्टर बॉबी देओल ने भी अपनी बहनों विजेता और अजेता के बारे में बात की है। वह उदास होकर कहते हैं कि काश उनके और उनकी बहनों के बीच की शारीरिक दूरी कम हो जाती। एक्टर कहते हैं, 'अब जब हम सब बड़े हो गए हैं और दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में रहते हैं, तो मुझे एहसास हुआ है कि यह रिश्ता कितना अनमोल है, लेकिन हम पहले से कहीं ज्यादा करीब हैं। हम एक-दूसरे के लिए कुछ भी कर सकते हैं, हम एक-दूसरे की बहुत परवाह करते हैं और चाहे कितनी भी दूरी क्यों न हो, हम हमेशा एक-दूसरे के साथ रहते हैं।' वह उदास होकर कहते हैं कि काश उनके और उनकी बहनों के बीच की शारीरिक दूरी कम हो जाती।



## ग्रेस की अंगूठी शाहरुख के 'मन्नत' से भी है कीमती

लॉस एंजिल्स। 1955 में, प्रिंस रेनियर तृतीय ने ग्रेस केली को हीरे और रूबी से जड़े एक इटरनिटी बैंड के साथ प्रपोज किया था। 1956 तक, जब इस कपल ने आधिकारिक तौर पर अपनी सगाई की घोषणा की, केली ने अपनी 10.48 कैरेट की अंगूठी पहन रखी थीं। केली ने अपनी अंगूठी 1956 में आई अपनी फिल्म 'हाई सोसाइटी' के सेट पर भी पहनी थी, जो मोनाको की राजकुमारी बनने से पहले उनका आखिरी रोल था। 'ब्राइड्स' के मुताबिक, 1956 में इस अंगूठी की कीमत करीब 4 मिलियन डॉलर (3.5 करोड़ रुपए) थी जो आज लगभग 38.8 मिलियन डॉलर के बराबर है यानी अब इस अंगूठी की कीमत करीब 340.53 करोड़ हो गई है। अब अगर ग्रेस की इस अंगूठी की बात करें तो ये बॉलीवुड के सबसे अमीर एक्टर शाहरुख खान के घर 'मन्नत' से भी महंगी है, जिसकी कीमत करीब 200 करोड़ रुपए के आसपास है।

टीवी मसाला



## अमिताभ की सलामती के लिए राजकुमार ने मांगी थी मनोकामना

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन ने 'केबीसी 17' में दिवंगत कन्नड़ सुपरस्टार डॉ. राजकुमार से जुड़ा दिल छू लेने वाला किस्सा सुनाया है। बिग बी ने ऋषभ शेट्टी को बताया कि जब 'कुली' के दौरान उन्हें चोट लगी थी, जब राजकुमार ने उनकी सलामती के लिए मंदिर में लोटकर परिक्रमा की थी। यही नहीं, राजकुमार ने उरुलु सेवे की थी, जिसमें मनोकामना पूरी होने के लिए मंदिर के चारों ओर जमीन पर लोटकर प्रार्थना की जाती है। डॉ. राजकुमार के सरल स्वभाव के बारे में बात करते हुए अमिताभ बच्चनन ने ऋषभ शेट्टी से कहा, 'कर्नाटक में, उन्हें भगवान जैसा माना जाता है, लेकिन जब मैं उनसे मिला तो वे बहुत ही सरल और जमीन से जुड़े हुए थे। वे साधारण कपड़े पहनते थे और एक बहुत ही साधारण घर में रहते थे। उन्हें देखकर कोई नहीं कह सकता था कि वे कोई बड़े सुपरस्टार हैं।' राजकुमार के दिल में अपने लिए असीम प्यार को याद करते हुए बिग बी ने कहा, 'मेरे लिए सबसे बड़ी उपलब्धि थी... जब 1982 में, 'कुली' के सेट पर मेरा एक्सीडेंट हुआ। यह बेंगलुरु में हुआ था। उसके बाद बहुत कुछ हुआ। बहुत से लोगों ने मेरे लिए प्रार्थना की, लेकिन राजकुमार जी का कर्नाटक में एक खास मंदिर है, वे वहां गए और परंपरा है कि वहां गीले कपड़े पहनते हैं और जमीन पर लोटकर परिक्रमा करते हैं। उन्होंने मेरे जीवन के लिए प्रार्थना करने के लिए ऐसा किया।' बिग बी ने आगे कहा, 'तब से लेकर उनके डॉ. राजकुमार के निधन तक, वह और मैं एक-दूसरे से जुड़े रहे।

## किस किसको प्यार करूं-2 के रिलीज डेट का ऐलान

**मुंबई।** मशहूर कॉमेडियन और अभिनेता कपिल शर्मा अभिनीत फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' को लेकर बड़ी अपडेट आ गई है। यह फिल्म बहुत जल्द दर्शकों के बीच आने वाली है। निर्माताओं ने इसके रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। कपिल ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया। यह क्लिप फिल्म के पोस्टर की एक स्लाइड थी जिसमें सभी कलाकार नजर आ रहे हैं। रिलीज की तारीख का खुलासा करते हुए, कॉमेडियन-अभिनेता ने लिखा, दोगुने कन्फ्यूजन और चार गुना मस्ती के लिए तैयार हो जाइए। 'किस किसको प्यार करूं 2', हंसी का धमाल सिर्फ सिनेमाघरों में 12 दिसंबर को शुरू होगा।



रिलीज डेट के सामने आते ही नेटिजंस काफी खुश हो गए हैं। एक यूजर ने लिखा, 'फिल्म से ज्यादा हनी सिंह के गाने का इंतजार है।' वहीं, दूसर यूजर ने कहा, 'फिल्म बहुत शानदार होने वाली है।' एक और यूजर ने कहा, 'कैंडी यो यो हनी सिंह।' इसके अलावा अन्य यूजर्स कपिल शर्मा के कॉमेडी अंदाज को देखने का इंतजार कर रहे हैं।

## किशोर कुमार के इस गाने को सुन ठहर जाता है समय राजेश खन्ना पर फिल्माया गया था दर्द भरा गीत

**नई दिल्ली।** किशोर कुमार सिनेमा जगत के सबसे लोकप्रिय गायकों में से एक थे। उनके निधन को लगभग 4 दशक होने वाले हैं, लेकिन इसके बावजूद उनके गीतों को खूब सुना जाता है। किशोर दा ने अपने सिंगिंग कॅरियर में हर किस्म के सॉन्ग को अपनी आवाज दी थी। लेकिन, आज हम आपको जिस गाने का बारे में बताने जा रहे हैं, वह दर्द भरे गीत के तौर पर सुनने वालों का फेवरेट माना जाता है।इस गाने को सिनेमा के पहले सुपरस्टार राजेश खन्ना पर फिल्माया गया था।

***किशोर कुमार का यादगार गीत*** : अभिनेता राजेश खन्ना के साथ गायक किशोर कुमार की जोड़ी काफी सफल रही थी। किशोर दा ने अभिनेता राजेश खन्ना के लिए कई गानों में



अपनी मधुर आवाज दी थी। उनमें से एक गाना काफी सुपरहिट हुआ था, जो साल 1974 में आई राजेश खन्ना की फिल्म आप की कसम था। जितनी पॉपुलर ये मूवी रही, उससे कई गुना ज्यादा इसके गानों को सभी ने पसंद किया, खासतौर पर किशोर कुमार की आवाज में जिंदगी के सफर में... गीत को।

### आनंद बक्शी थे गीतकार

*जी हां, आप की कसम फिल्म का ये सॉन्ग आज भी कल्ट माना जाता है। जो लोग पुराने गाने सुनना पसंद करते हैं, उनकी प्लेलिस्ट में ये गीत आसानी से सुनने को मिल जाता है। इस गाने को संगीतकार आर. डी. बर्मन ने अपने संगीत की धुनों पर तैयार किया था, जबकि गीतकार आनंद बक्शी की कलम से इसके बोल निकले थे। इसके बाद रही बची कसर को किशोर कुमार ने अपनी जादुई आवाज से पूरा कर दिया और आप की कसम का जिंदगी के सफर में गाना हिट बन गया। अभिनेता राजेश खन्ना पर फिल्माया गया ये गीत सुनकर आपके दिल को सुकून पहुंच जाएगा।*

***कैसे हुई थी किशोर कुमार की मौत*** *: 58 साल की उम्र में 13 अक्टूबर 1987 को किशोर कुमार ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया था। हार्ट अटैक की वजह से किशोर दा का देहांत हो गया था। आपको ये जानकार हैरानी होगी कि उसी दिन उनके बड़े भाई और अभिनेता अशोक कुमार अपना 76वां जन्मदिन मना रहे थे।*

## कलाकारों ने साझा कीं भाई दूज की दिल छू लेने वाली कहानियाँ

मुंबई। भाई दूज, जो भाई-बहन के पवित्र बंधन का सुंदर उत्सव है। भावनाओं से भरा त्योहार पर एंडटीवी की कलाकार हिमानी शिवपुरी (हप्पू की उलटन पलटन में कटोरी अम्मा) और विदिशा श्रीवास्तव (भाबीजी घर पर हैं में अनीता भाभी) ने भाई दूज उपहारों और उनसे जुड़ी प्यारी यादों को साझा किया। हिमानी शिवपुरी, जो के हप्पू की उलटन पलटन में कटोरी अम्मा की भूमिका निभा रही हैं, बताती हैं, "भाई दूज पर आज भी वो सुंदर बनारसी लाल साड़ी याद है जो मेरे भाई ने कई साल पहले भाई दूज पर मुझे उपहार में दी थी। वह सिर्फ एक साड़ी नहीं थी, बल्कि उसके प्रेम और स्नेह का प्रतीक थी। आज भी, हर साल जब वह भाई दूज पर मुझसे मिलने आता है, मैं वही साड़ी पहनती हूँ — उसकी ममता की याद में। उसके प्रति अपने प्यार को जताने के लिए मैं उसकी पसंदीदा डिशेज बनाती हूँ — सूजी की खीर, गुलाब जामुन और अन्य पारंपरिक मिठाइयाँ। हमारे परिवार में यह एक परंपरा है कि भाई दूज पर मीठे व्यंजन बनाए जाते हैं। इन मिठाइयों की मिठास हमारे रिश्ते की मिठास को दर्शाती है, और मैं हर साल इन पलों को फिर से जीने के लिए बेसब्र रहती हूँ।" विदिशा श्रीवास्तव, जो भाबीजी घर पर हैं में अनीता भाभी का किरदार निभा रही हैं, कहती हैं, "भाई दूज मेरे दिल के बहुत करीब है। मेरे भाई द्वारा दिया गया यादगार उपहार एक खूबसूरत घड़ी थी। वह सिर्फ एक घड़ी नहीं, बल्कि हमारे रिश्ते की याद दिलाने वाली एक निशानी है, जिसे मैं आज भी पहनती हूँ। हर साल हमारे परिवार में यह परंपरा है कि हम मिश्री, पान के पत्ते, काले चने, सुपारी और फल अपने भाइयों को भेंट करते हैं और फिर उनकी आरती उतारते हैं। यह हमारे लिए प्रेम, आशीर्वाद और आभार व्यक्त करने का तरीका है। बदले में, मैं भाई को उसकी पसंद का परफ्यूम गिफ्ट करती हूँ क्योंकि उसे खुशबूओं का शौक है। यह उपहारों का आदान-प्रदान रिश्ते को और गहराई देता है और त्योहार को और भी खास बना देता है।"



## कांतारा चैप्टर 1 अभी भी दर्शकों के दिलों और टिकट खिड़कियों पर कर रही राज
# थामा की बॉक्स ऑफिस पर दहाड़, एक दीवाने की दीवानियत का भी दिखा जलवा

***मुंबई।*** *दिवाली का त्योहार हर साल बॉक्स ऑफिस पर नई रौनक लेकर आता है और इस बार भी नजारा कुछ ऐसा ही रहा। बीते मंगलवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई मैडॉक फिल्म्स की हॉरर कॉमेडी 'थामा'ने पहले ही दिन धमाकेदार ओपनिंग के साथ आयुष्मान खुराना के कॅरियर की अब तक की सबसे बड़ी शुरुआत दर्ज की। वहीं, साथ रिलीज हुई हर्षवर्धन राणे की 'एक दीवाने की दीवानियत' ने भी उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन कर सबको चौंका दिया। दूसरी ओर, ऋषभ शेट्टी की 'कांतारा चैप्टर 1' अभी भी दर्शकों के दिलों और टिकट खिड़कियों पर राज कर रही है, जबकि वरुण धवन और जान्हवी कपूर की 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' की चमक अब फीकी पड़ती नजर आ रही है।*



**थामा** : आदित्य सरपोतदार के निर्देशन में बनी 'थामा'दिवाली के मौके पर दर्शकों के लिए हंसी और डर का शानदार मिश्रण लेकर आई है। आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की जोड़ी ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। पहले दिन फिल्म ने 24 करोड़ रुपए की कमाई के साथ मजबूत शुरुआत की और दूसरे दिन भी यह जोश बरकरार रहा। बुधवार को फिल्म ने 18.1 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया, जिससे दो दिनों का कुल कलेक्शन 42.1 करोड़ रुपए पहुंच गया। करीब 150 करोड़ के बजट वाली इस फिल्म ने शुरुआती दो दिनों में ही मजबूत पकड़ बना ली है। परेश रावल और नवाजुद्दीन सिद्दीकी जैसे दिग्गज कलाकारों की मौजूदगी ने फिल्म को और दमदार बना दिया है।

**एक दीवाने की दीवानियत** : कम बजट की फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' ने दिवाली पर अपनी सादगी और इमोशनल टच से दर्शकों का दिल जीत लिया। हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की जोड़ी वाली इस रोमांटिक ड्रामा ने पहले दिन 8.5 करोड़ रुपए की कमाई की, जबकि बुधवार को 7.5 करोड़ का बिजनेस किया। दो दिन में फिल्म की कुल कमाई 16.5 करोड़ रुपए पहुंच गई है, जो इसके 30 करोड़ रुपए के बजट को देखते हुए शानदार शुरुआत मानी जा रही है।

**कांतारा चैप्टर 1**

ऋषभ शेट्टी की 'कांतारा चैप्टर 1' ने रिलीज के 20वें दिन भी बॉक्स ऑफिस पर अपना जलवा कायम रखा है। नई फिल्मों की एंट्री के बावजूद इस फिल्म की रफ्तार धीमी नहीं हुई। बुधवार को फिल्म ने 4.1 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया, जिससे भारत में इसकी कुल कमाई 179.8 करोड़ रुपए तक पहुंच गई। विश्वभर में फिल्म का ग्रॉस कलेक्शन अब 547 करोड़ रुपए के पार चला गया है, जो इसे इस साल की सबसे सफल फिल्मों में से एक बना देता है।

**सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी**

वरुण धवन और जान्हवी कपूर स्टारर रोमांटिक कॉमेडी 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' अब अपनी आखिरी सांसें गिनती नजर आ रही है। दिवाली के मौके पर भी फिल्म दर्शकों को आकर्षित करने में नाकाम रही। मंगलवार को फिल्म ने मात्र 50 लाख रुपए कमाए, जिससे इसका कुल कलेक्शन अब 60.20 करोड़ रुपए के आसपास पहुंच गया है।